राष्ट्रीय दैनिक

बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

रवीना टंडन–स्टारर पटना शुक्ला में 8

दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

बुधवार, 28 सितंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 279 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

शिंजो आबे को याद कर पीएम मोदी ने किया भावुक ट्वीट, लिखा: वह लाखों लोगों के दिलों में जीवित रहेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जापान के दौरे पर हैं। जापान में उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में हिस्सा लिया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत को जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की कमी खल रही है। श्रद्धांजलि के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिंजो आबे को याद कर एक भावुक ट्वीट किया है। मोदी ने अपने ट्वीट में लिखा कि जब मैं इस साल की शुरुआत में टोक्यो में था, तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं पूर्व पीएम आबे के राजकीय अंतिम संस्कार के गंभीर कार्यक्रम के लिए वापस आऊंगा। शिंजो आबे के लिए

मोदी ने आगे लिखा कि वह एक महान नेता, एक असाधारण व्यक्ति और भारत–जापान दोस्ती में विश्वास करने वाले व्यक्ति थे। वह लाखों लोगों के दिलों में जीवित रहेंगे। जापान दौरे पर जाने से पहले मोदी ने ट्वीट कर लिका ता कि मैं पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे, एक प्रिय मित्र और भारत–जापान मित्रता के एक महान चौंपियन के अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए आज रात टोक्यो की यात्रा कर रहा हूं। नरेंद्र मोदी ने अपने जापानी समकक्ष प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ भी एक बैठक की। इसके बाद मोदी ने कहा कि हमारी सार्थक बैठक हुई। हमने विभिन्न द्विपक्षीय विषयों पर चर्चा की। मैंने पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के दुखद निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त की।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करने को लेकर बातचीत की। उन्होंने कई क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचार–विमर्श किया। मोदी ने अपनी पिछली जापान यात्रा को याद करते हुए कहा कि उस दौरान उनकी आबे के साथ लंबी बातचीत की थी। आबे के साथ सौहार्द पूर्ण संबंध रखने वाले मोदी ने कहा कि मैं पूर्व प्रधानमंत्री आबे के आकस्मिक निधन से बेहद दुखी हूं.उन्होंने भारत–जापान संबंधों को एक ऊंचे मुकाम पर पहुंचाया और कई क्षेत्रों में संबंधों का विस्तार भी किया।

मेरठ से लेकर लखनऊ तक PFI पर मेगा एक्शन, 57 व्यक्ति हिरासत में लिए गए

लखनऊ। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ कई राज्यों में आज छापेमारी की गई। कर्नाटक के अलावा, मध्य प्रदेश, दिल्ली, असम, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और तेलंगाना में भी छापे मारे गए। कर्नाटक में, 75 पीएफआई और एसडीपीआई (सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया) के कार्यकर्ताओं और नेताओं को ष्एसडीपीआई यादगिरि जिला अध्यक्ष सहित, निवारक हिरासत में ले लिया गया। असम के एडीजीपी (विशेष शाखा) हिरेन नाथ ने कहा, ष्पीएफआई से जुड़े चार लोगों को आज नगरबेरा इलाके से

हिरासत में लिया गया है। जिले के कई हिस्सों में हमारा अभियान जारी है। असम में अब तक 36 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। महाराष्ट्र में अब तक 20 से ज्यादा च्थ् सदस्यों को गिरफ्तार किया जा चुका है। महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने सोमवार को मराठवाड़ा क्षेत्र के नांदेड़ से एक और कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया। उत्तर प्रदेश के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने कहा कि पीएफआई एवं उसके अनुषांगिक संगठनों द्वारा देश के विभिन्न स्थानों पर कारित हिंसा एवं संगठन के सदस्यों की बढ़ती राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को देखते हुए उ.प्र. जनपदीय पुलिस, एसटीएफ, एटीएस ने प्रदेश के 26 जनपदों में पीएफआई के सदस्यों के ठिकानों पर रेड की गई। कुल 57 व्यक्ति हिरासत में लिए गए हैं इस रेड के उपरांत मौके पर बरामद विभिन्न प्रकार के अभिलेखों एवं सबूत में संयुक्त रूप से विश्लेषण किया जा रहा है। उपरोक्त अभिलेखों एवं सबूतों के आधार पर अंतरिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पीएफआई के मददगारों पर यूपी में हुई छापामारी में राजधानी लखनऊ से लेकर मेरठ जिले शामिल हैं। लखनऊ में बख्शी तालाब, इटौंजा के साथ शहरी इलाके में छापेमारी के बाद करीब 10 लोगों को हिरासत में लिया गया। लखनऊ के अलावा मेरठ में भी छापेमारी चल रही है। गाजियाबाद के भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव कलछीना गांव में यूपीएटीएस ने छापेमारी की है।

गहलोत समर्थक प्रताप सिंह खाचरियावास बोले, पर्यवेक्षकों को इतनी जल्दी परेशान नहीं होना चाहिए

जयपुर। राजस्थान में कांग्रेस के भीतर मचे सियासी उठापटक

के बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समर्थक विधायक और मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने आज बड़ा बयान दिया है। खाचरियावास ने कहा कि पर्यवेक्षकों को इतनी जल्दी परेशान नहीं होना चाहिए था। उन्हें थोड़ा देर इंतजार करना चाहिए था। दरअसल, कांग्रेस की ओर से राजस्थान में एक विधायक दल की बैठक बुलाई गई थी। दिल्ली से इस बैठक में शामिल होने के लिए पर्यवेक्षक के तौर पर अजय माकन और मल्लिकार्जुन खड़गे पहुंचे थे। अशोक गहलोत के समर्थक विधायक इस बैठक में पहुंचने की बजाए शांति धारीवाल के यहां हो रही एक बैठक में पहुंच गए थे। शांति ध्ाारीवाल के यहां हुई बैठक को पर्यवेक्षक अनुशासनहीनता मान रहे हैं। पर्यवेक्षकों का दावा है कि यह सब अशोक गहलोत के ही इशारे पर हुआ है। इसी को लेकर प्रताप सिंह खाचरियावास का यह बयान सामने आया है। अशोक गहलोत समर्थकों का दावा है कि पर्यवेक्षक दिल्ली से सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव लेकर आए थे। प्रताप सिंह खाचरियावास ने शांति धारीवाल का भी बचाव किया उन्होंने कहा कि धारीवाल वरिष्ठ नेता हैं और उन जैसे नेता ने कोई मुद्दा उठाया है तो पार्टी को उस पर ध्यान देना चाहिए। दरअसल, एक संवाददाता सम्मेलन में शांति ध्ाारीवाल ने कहा था कि सचिन पायलट को अगर मुख्यमंत्री बनाने की बात कही जाएगी तो विधायकों में गुस्सा भड़केगा। सचिन पायलट ने सरकार गिराने की कोशिश की थी। उन्होंने साफ तौर पर कहा था कि गद्दारी करने वालों को पुरस्कार बर्दाश्त नहीं है। पीएस खाचरियावास ने यह भी कहा कि माहौल बनाया गया कि सीएम 19 विधायकों के हिसाब से बने, 102 विधायकों के हिसाब से नहीं।

बारिश के बाद दिल्ली में डेंगू का कहर

चार दिनों में सामने आए 129 नए मामले, कुल संख्या 500 के पार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजध्ाानी दिल्ली में डेंगू के मामलों में अचानक बढ़ोतरी हुई हैं। सोमवार को डेंगू के 22 नए मामले सामने आए हैं। पिछले कुछ दिनों में दिल्ली में डेंगू के लगभग 130 नये मामले सामने आने के साथ ही इस साल अब तक इससे पीड़ित लोगों की संख्या 500 से अधिक हो गई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। राजधानी में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते मच्छर जनित बीमारियों के मामलों में तेजी देखने को मिली है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, केवल इसी महीने 21 सितंबर तक डेंगू के 281 मामले सामने आए हैं। वहीं, दिल्ली में 17 सितंबर तक डेंगू के 396 मामले दर्ज किए गए थे। पिछले कुछ दिनों में 129 नये मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल 21 सितंबर तक दर्ज किए गए कुल 525 मामलों में से 75 अगस्त महीने में दर्ज किए गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, यह

2017 के बाद से एक जनवरी से 21 सितंबर की अवधि के दौरान दर्ज किए गए डेंगू के मामलों की सर्वाधिक संख्या है। साल 2017 में यह आंकड़ा 1,807 था। हालांकि, इस साल मच्छर जनित बीमारी के कारण अब तक किसी मरीज की मौत की खबर नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली में इस साल 21 सितंबर तक मलेरिया के 106 और चिकनगुनिया के 20 मामले भी सामने आए हैं। नगर निगम ने बाद में एक बयान में कहा कि डेंगू के प्रसार को रोकने के लिए एक अभियान चलाया गया है।

आप नेताओं को बड़ा झटका

कोर्ट ने LG के के खिलाफ कटेंट डिलीट करने का दिया आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट से आम आदमी पार्टी के नेताओं को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, पिछले दिनों आम आदमी पार्टी के नेता और उपराज्यपाल वीके सक्सेना के बीच जंग देखने को मिली थी। आम आदमी पार्टी की ओर से उपराज्यपाल के खिलाफ कई आरोप भी लगाए जा रहे थे। उपराज्यपाल की ओर से कोर्ट में मानहानि का केस किया गया था। इसी को लेकर आज दिल्ली हाई कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने साफ तौर पर कहा है कि एलजी के खिलाफ कथित अपमानजनक सामग्रियों को हटाया जाना चाहिए। उप राज्यपाल की ओर से कोर्ट में अपील की गई थी कि आप और उसके नेताओं को सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक

ट्वीट और अन्य पोस्ट हटाने के लिए कहा जाए। इसी मामले को लेकर कोर्ट में आज सुनवाई हुई है जहां एक अंतरिम आदेश दिया गया है। न्यायमूर्ति अमित बंसल ने अंतरिम राहत देते हुए कहा, "मैं वादी के पक्ष में फैसला सुनाता हूं..." विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा की जा रही है। 'आप' और इसके नेताओं ने उपराज्यपाल पर 1,400 करोड़ रुपये के कथित घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया था। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 'आप' और उसके पांच नेताओं से ब्याज सहित 2.5 करोड़ रुपये के हर्जाने और मुआवजे की भी मांग की है। दिल्ली में कथित शराब घोटाले को लेकर सीबीआई जांच के आदेश देने के बाद आम आदमी पार्टी के नेता उपराज्यपाल वीके सक्सेना के खिलाफ हमलावर हो गए थे। दिल्ली के आप नेताओं ने वीके सक्सेना पर कई घोटालों का आरोप लगाया।

पायलट का आलाकमान को आश्वासन! विधायकों को साथ लाना मेरी जिम्मेदारी, गहलोत को अध्यक्ष के साथ नहीं रहना चाहिए सीएम

जयपुर। राजस्थान कांग्रेस का सियासी घमासान और मुख्यमंत्री पद को लेकर मची खींचतान के बीच अध्यक्ष चुनाव की नामांकन प्रक्रिया भी जारी है। खबह है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री पद का फैसला भी पार्टी के अध्यक्ष चुनाव के बाद होगा। माकन–खड़गे सोनिया गांधी को रिपोर्ट सौंप सौपेंगे। वहीं कहा जा रहा है कि 30 सितंबर तक यथास्थिति बनी रहेगी। पूरे मुद्दे पर बेहद खामोश रहने वाले सचिन पायलट को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार कांग्रेस विधायक सचिन पायलट ने कांग्रेस आलाकमान से कहा है कि अगर राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत पार्टी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने का

फैसला करते हैं तो उन्हें सीएम नहीं रहना चाहिए। इसके साथ ही पायलट ने कहा है कि विधायकों को साथ लाना उनकी जिम्मेदारी है। कांग्रेस विधायक सचिन पायलट समर्थन करने वाले विधायकों के अलावा अन्य विधायकों के लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने आगे अपने समर्थकों से आलाकमान के फैसले का इंतजार करने को कहा है। गौरतलब है कि गहलोत खेमे के विधायकों के तीखे तेवर के बावजूद सचिन पायलट ने इस बार लगातार चुप्पी साध रखी है। जिसके बाद हर कोई ये जानना चाहता है कि आखिर पायलट का अगला दांव क्या होगा? इसके साथ ही कहा जा रहा है कि जिस तरह से कांग्रेस आलाकमान उनके सपोर्ट में दिख रहा है वो मैन ऑफ द मैच बनकर उभरेंगे।

हिमाचल प्रदेश में बारिश बनी आफत! भूस्खलन के कारण जमीन में जिंदा समा गये 7 लोग, राज्य के हालात बेहद खराब

शिमला। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में सात लोगों की मौत हो गई। पीड़ितों में पांच एक ही परिवार के सदस्य थे। इलाके में लगातार बारिश के बाद हुए भूस्खलन में सभी पीड़ित जिंदा दब गए। सिरमौर में पिछले 3–4 दिनों से भारी बारिश हो रही है। जिले में लगातार हो रही बारिश से काफी नुकसान हुआ है। राज्य में लगभग 120 सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं, जबकि भारी बारिश के कारण 90 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। लोगों को जरूरी काम होने पर ही बाहर निकलने की सलाह दी गई है। उन्हें भारी वर्षा वाले क्षेत्रों से बचने की सलाह दी गई है। भारी बारिश के कारण हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में भूस्खलन और अचानक बाढ़ आ गई है, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं और लोग फंसे हुए हैं। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में रविवार को भारी बारिश के कारण आई अचानक आई बाढ़ में एक महिला समेत तीन लोगों के बह जाने की आशंका है।

कश्मीर में बेवजह ट्रक रोके जाने से नाराज फल विक्रेताओं ने किया जोरदार प्रदर्शन

श्रीनगर। जम्मू–श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सेब से लदे ट्रकों को रोके जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है क्योंकि इसके विरोध में कश्मीर घाटी के फल विक्रेताओं ने दो दिन के लिए फल मंडियों को बंद रखने का ऐलान कर दिया। साथ ही फल विक्रेताओं ने सेबों को आग के हवाले करते हुए श्रीनगर में बड़ा प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रेस एंक्लेव में नारेबाजी करते हुए कहा कि उपराज्यपाल को हमारी समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए और राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का संचालन बनाये रखने के उपाय करने चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि फलों से लदे ट्रकों को पांच–पांच छह दिन बिना कारण बताये रोक दिया जाता है जिससे फल खराब हो जाते हैं और लाखों रुपए का नुकसान हो जाता है। प्रभासाक्षी के साथ खास बातचीत में फल विक्रेताओं ने कहा कि उपराज्यपाल चाहें तो एक दिन में सारी समस्या का हल हो सकता है इसलिए हमने यहां आकर अपनी बात रखने का फैसला किया।

हम आपको बता दें कि कश्मीर वेली फ्रूट्स ग्रोवर्स एण्ड डीलर यूनियन का यह भी कहना है कि त्योहारी सीजन में हजारों गाड़ियां रास्ते में रोके जाने से बड़ा नुकसान हो रहा है। यूनियन का कहना है कि पहले ही सेब सस्ते दामों पर बिक रहा है ऐसे में यदि फसल रास्ते में ही खराब हो गयी तो और नुकसान उठाना पड़ेगा। यूनियन ने कहा है कि यह सिर्फ कश्मीर का ही नहीं बल्कि देश का भी मसला है। यूनियन का कहना है कि हमने कई बार इस समस्या की ओर प्रशासन का ध्यान दिलाया लेकिन कोई मदद नहीं की गयी। वहीं ट्रक चालकों की भी शिकायत है कि कई–कई दिन तक ट्रक खड़े रहने के कारण हमें हमारी मजदूरी मिलने में दिक्कत आ रही है। हम आपको यह भी बता दें कि जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने संबंधित अधिकारियों को राजमार्ग पर फलों से लदे ट्रकों को नहीं रोकने के निर्देश दिए हैं लेकिन इसके बावजूद इस संबंध में शिकायतें आ रही हैं। उल्लेखनीय है कि कश्मीर में इस साल सेब की भारी फसल हुई है। इस साल सेब की 12 मीट्रिक टन से अधिक पैदावार होने की उम्मीद है।

अग्रसेन जयंती का कार्यक्रम ध्वजारोहण से शुरु हुआ

गोंडा । रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी ध र्मशाला में आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह पर सुबह ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। ध्वजारोहण चांदमल मित्तल और हरद्वारी लाल मित्तल ने संयुक्त रूप से किया। उसके बाद महाराज अग्रसेन जी की पूजन पाठ एवं हवन हुआ । पूजन का कार्यक्रम अशोक बंसल के नेतृत्व में हुआ। उसके बाद आरती थाल प्रतियोगिता हुई । जिसमें विनीता अग्रवाल ,श्रेया अग्रवाल, नेहा पचेरिया, किरन अग्रवाल ,प्रियंका गोयल , संध्या सिंघल , स्वाति सिंघल ,रोली पचेरिया, रुचि अग्रवाल ,मानसी अग्रवाल, श्वेता जैन, प्रीती सिंघल, अनन्या सोमानी रही। उसके बाद रस्साकशी प्रतियोगिता हुई जिसमें ग्रुप फर्स्ट में मुकुट लाल अग्रवाल और ग्रुप सेकेंड में सुधीर जालान के बीच हुआ जिसमें ग्रुप फर्स्ट मुकुल लाल अग्रवाल विजई रहे। विजयी ग्रुप में श्याम बिहारी अग्रवाल,दिनेश गोयल ,अमित बंसल विनोद खेमका, नारायण मामा , कमलेश सिंघल ,सुधीर अग्रवाल, सहित 20 लोग रहे। उसके बाद महिलाओं का वंदनवार मेकिंग प्रतियोगिता हुई जिसमें स्नेहा बंसल, नेहा पचेरिया ,सुप्रिया अग्रवाल, नेहा सिंगल ,सविता सिंघल ,निशा जैन, सरिता महेश्वरी, पूजा मोदी, सुरुचि अग्रवाल, अंकिता अग्रवाल रही । उसके बाद एकल नृत्य प्रतियोगिता सीनियर वर्ग हुआ जिसमें रिद्धिमा जैन, परी अग्रवाल ,अवनी अग्रवाल ,अनिका गर्ग ,सौम्या नेवटिया ,वैभवी अग्रवाल ,प्राची शर्मा आदि रही। वही समूह नृत्य प्रतियोगिता में नित्या एंड सतुति महेश्वरी ,अनिका गर्ग एंड अनवेश तायल ,यदंया अग्रवाल एंड आस्था अग्रवाल , प्रियनती बंसल एंड पलक केडिया ग्रुप रही। इसके अलावा फायर लेस कुकिंग प्रतियोगिता सलाद डेकोरेशन प्रतियोगिता लिटिल चेम प्रतियोगिता फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता महाराजा अग्रसेन का संदेश जीवन परिचय प्रतियोगिता एवं राजस्थानी लोकगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रतियोगिता भी हुई। कार्यक्रम में खाने–पीने कपड़े और गेम्स के स्टाल लगे हुए थे सभी श्रोता ने सभी स्टालों पर जाकर खूब लुफ्त उठाया। इस पूरे कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच पुरुष एवं महिला मंडल और श्री राम जानकी महिला मंडल का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान अग्रवाल नवयुवक संघ के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, महामंत्री विकास जैन, चेतन अग्रवाल, अशोक बंसल ,अजय मित्तल ,शिव अग्रवाल, सीए पवन अग्रवाल ,अनिल मित्तल, डॉ राजीव अग्रवाल ,अजय गर्ग, चिंटू अग्रवाल ,आयुष केडिया, मुनीष सिंघल ,अमित संघई, अंकुर गोयल , गौरव अग्रवाल सहित समाज के सैकड़ों पुरुष और महिलाएं मौजूद रही।

चौबीस लाख का अंत्येष्ठी स्थल अनुपयोगी

गोंडा। मुजेहना ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम पंचायत जमुनही में चौबीस लाख रूपये की लागत से अंत्येष्ठी स्थल का निर्माण वित्तीय वर्ष 2015– 16 में हुआ था। महज छः वर्षो में अंत्येष्ठी स्थल का भवन, बरामदा, सहित सब कुछ ध्वस्त होने की कगार पर है, जीर्णशीर्ण हो चुके इस अंत्येष्ठी स्थल को देख कर यह बताने की जरूर नही की निर्माण के शुरुवाती दिनों में मानकों की अनदेखी की गयी। विडम्बना तो ये है की इस भ्रष्टाचार पर शिकायतों के बाद भी आज तक न इसका निर्माण कराने वाली संस्था पर कार्यवाही का हंटर चला और न ही उस समय के जिम्मेदारों से कोई जवाब तलब किया गया है। जबकि इसकी शिकायत दो वर्ष पूर्व गाँव के ही अरुणेश पाण्डेय द्वारा तहसील दिवस में की गयी थी।

जनशिकायतों को ठंडे बस्ते में डाले जाने के इस मेलजोल से ना जाने कितनी और योजनाएं ऐसी हैं जिन पर लाखों की खर्च के बावजूद धरातल पर कोई उपयोग नही मिलता है। सरकारी धन की बर्बादी पर जिला प्रशासन की चुप्पी के कारण संचालित व्यवस्थाओं के लाभ से जन सामान्य को वंचित रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया की गाँव में अथवा आस पास कहीं जब किसी गरीब परिवार के सदस्य की मृत्यु होती है तो दाह संस्कार के लिए वाहन ले अन्यत्र ले जाया जाता है यहां बने अंत्येष्ठी स्थल में कोई व्यवस्था नही है, भवन जर्जर है जिसके गिरने का डर बना है अंदर की फर्श पूरी तरह टूटी हुयी है, पानी के लिए लगा हैण्डपम्प खराब पड़ा है, शौचालय, अथवा स्नानघर की हालत भी अत्यंत दयनीय है, परिसर में बड़ी बड़ी जंगली घास चराने के लिए वहां लोगों के पशु दिखाई देते हैं ऐसे में इसका उपयोग कर पाना सम्भव नही है।

चलती बस से गिरकर अधेड़ की मौत

लखनऊ से सवार होकर जा रहा था अयोध्या जा

रूदौली–अयोध्या । कोतवाली रुदौली क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर रौजागांव ओवरब्रिज के निकट स्थित दलसराय गांव के समीप लखनऊ से गोरखपुर जा रही शताब्दी बस से अचानक तेज झटका लगने से 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति चलती बस से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। उसी के पीछे चल रही स्कार्पियो के चालक ने घटना को देखकर तेज ब्रेक लगा दी। बस के अंदर बैठे यात्रियों ने जोर से आवाज लगाकर बस के चालक से गाड़ी को साइड में रुकवाया। यात्रियों ने इस घटना की सूचना कोतवाली रुदौली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसआई इशहाक खान, हेड कॉन्स्टेबल जितेंद्र यादव व नीलेश कुमार के साथ घटना स्थल पर पहुँच गए। 108 एम्बुलेंस की मदद से आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी रुदौली भेजवाया। इलाज के दौरान अधेड़ व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक लखनऊ से गोरखपुर जा रही शताब्दी बस संख्या यूपी 32 ईएन 9667 में ल चमेली मार्केट रोहतक हरियाणा निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र ढालू राम उम्र 50 वर्ष लखनऊ से सवार होकर अयोध्या जा रहे थे। जैसे ही बस रौजागांव ओवरब्रिज के निकट स्थित दलसराय गांव के पास पहुची कि अचानक तेज झटका लगते ही अधेड़ बस से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। यात्रियों की सूचना पर पहुची रुदौली कोतवाली पुलिस ने गंभीर रूप से घायल को इलाज के लिए सीएचसी रुदौली भेजवाया। इलाज के दौरान सुरेंद्र कुमार की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस द्वारा मौत की खबर मृतक के परिजनों को दी गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इस सम्बन्ध में एसआई इशहाक खान ने बताया कि गंभीर रूप से घायल सुरेंद्र कुमार पुत्र ढालू राम उम्र 50 वर्ष को इलाज के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी भेजवाया गया था जहां पर इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों को इस घटना की सूचना दी गई हैं। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

एजेंसी मालिक ने कमरे में बंद कर सेल्समैन को पीटा, मुकदमा दर्ज जांच में जुटी पुलिस

गोण्डा। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के मुसौली निवासी विजय कुमार मिश्रा गोण्डा शहर के अंबेडकर चौराहा स्थित स्कॉर्ट टैक्टर एजेंसी पर कई वर्षो से सेल्समैन का काम करता रहा हैं। आरोप हैं कि बीते मंगलवार को विजय कुमार मिश्रा एजेंसी पहुंचा और हिंसाब करने की बात कही, जिस पर स्कॉट एजेंसी मालिक फारूख अली और हारून अली ने एक कमरे में ले जाकर बंद कर पिटाई कर दी, और हिदायत दी कि अगर एजेंसी पर कभी दिखाई दोगे तो काट कर कहीं फेंक दूंगा। पीड़ित ने कारित घटना को सोशल मीडिया पर डाल दिया और जनमाल की आशांका व्यक्त किया। उक्त मामले को आनन फानन में नगर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा संख्या 0647ध2022, धारा 323,504,406,506,342, दर्ज तो कर दिया परन्तु आरोपियों के गिरेबान तक नहीं पहुंच पाई है। जिससे पीड़ित को बड़ी घटना किए जाने की चिंता सता रही हैं।

नाबालिग बालिका ने गांव के दो युवकों पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

मिल्कीपुर–अयोध्या । इनायत नगर थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बालिका ने गांव के ही दो युवकों पर आरोप लगाया है ,कि जब वह शौच के लिए जा रही थी। तभी गांव के दो युवकों ने उसके साथ रास्ते में छेड़छाड़ करने लगे जब बालिका ने इसका विरोध किया तो उक्त दोनों युवको ने कहा कि यह बात अपने घर बताओगी तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। डरी सहमी बालिका घर पहुंच कर घटना की आपबीती परिजनों को बताई परिजन पीड़िता बालिका को लेकर कोतवाली पहुंचकर दोनों युवकों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की। थाना कोतवाली इनायतनगर क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बालिका शौच के लिए गांव के बाहर जा रही थी ,तभी घात लगाए बैठे गांव के दो युवकों ने बालिका के साथ छेड़छाड़ करने लगे जब बालिका ने इसका विरोध किया तो उन्होंने मुंह बंद रखने की धमकी देते हुए कहा कि यदि तुम इसके बारे में अपने घर बताओगी तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। नाबालिग बालिका अपने घर पहुंच कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी अपने परिवारिजनों से बताया। परिवार के सदस्य बालिका को लेकर थाना कोतवाली इनायतनगर पहुंचकर उपरोक्त घटनाक्रम की शिकायत प्रभारी निरीक्षक इनायत नगर से की शिकायत होने के बाद दोनों युवकों को पकड़ने के लिए प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस टीमें भेजी लेकिन युवक अपने घर पर नहीं मिले। प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह का कहना है पीड़ित बालिका के परिजनों ने शिकायत की है, मामले की जांच की जा रही है। यदि घटनाक्रम सत्य पाया जाता है, तो विधिक कार्यवाही की जाएगी।

रामलला को ज्ञापन देने निकले भाकियू कार्यकर्ता

अयोध्या। रामलला के दरबार में न्याय की अर्जी लगाने जा रहे किसानों को पुलिस ने रामघाट चौराहे पर रोक लिया, इस दौरान मजिस्ट्रेट ने 18 सूत्रीय ज्ञापन लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के नेताओं को समझाया। कहा कि उनकी समस्याओं को समाधान जल्द कर दिया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत मांझा बरहटा राजाराम पैलेस होटल के सामने हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरविंद यादव ने किया पूर्व की 18 सूत्रीय ज्ञापन का निस्तारण न होने के कारण यूनियन ने रामलला को ज्ञापन देने का फैसला लिया था। भगवान श्रीराम के परिशर में अर्जी लगाई जाएगी। जिससे शासन प्रशासन की बुद्धि शुद्ध हो सके।

इसके बाद अन्नदाता किसान अपनी समस्याओं को लेकर मांझा बरहटा से पैदल मंदिर के लिए निकला। रामघाट बैरियर पर कोतवाल मनोज कुमार शर्मा जिला मजिस्ट्रेट प्रतिनिधि इन्द्र भूषण यादव किसानों को रोककर किसानों को बहुत मनाया। तब जाकर किसान माने और ज्ञापन लेकर समस्याओं का जल्द निस्तारण करने का वादा किया। वरिष्ठ सचिव फरीद अहमद ने कहा कि किसान एकजुट होकर जब तक जिले पर कोई बड़ा आंदोलन नहीं करेगा तो समस्या का समाधान नहीं होगास समस्या का जल्द ही निस्तारण नहीं हुआ तो जिले पर किसान आंदोलन पर बाध्य होगा । जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

पंचायत मे प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव जगत पाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजमणि यादव, जिला सचिव शत्रुहन यादव ब्लॉक अध्यक्ष सुनील दादा,मंगरु राम रामजतन यादव, बृजेश, पवन यादव रानू राम जतन, नुरुल हसन, झुरई चौधरी झपसी यादव, बृजेश यादव आदि सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

बीएसए ने बीईओ को जारी की नोटिस

–डीबीटी का कार्य संतोषजनक न होने पर की कार्रवाई

रुदौली–अयोध्या । डीबीटी का कार्य संतोषजनक न होने पर बीएसए ने बीईओ रुदौली को नोटिस जारी की है। नोटिस मे शत प्रतिशत डीबीटी पूर्ण कराए जाने के संबंध में निर्देश दिया, अपने पत्र में बीएसए ने महानिदेशक द्वारा डीबीटी मे विकासखंड रुदौली की प्रगति संतोष जनक न पाए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करने का उल्लेख किया है।बीएसए ने अपने पत्र मे डीबीटी का उल्लेख करते हुए जानकारी दी कि रुदौली विकास खंड मे 34288 पंजीकृत है, जिसके सापेक्ष अभी 8205 विद्यार्थियों का डेटा अभी पूर्ण नहीं है, जिसके चलते विद्यार्थी के खाते में धन हस्तांतरित नहीं हो पा रही है। बीएसए ने बीईओ रुदौली राम शंकर को 28 नवम्बर तक जनपद की वन टू वन समीक्षा तक शत प्रतिशत डेटा पूर्ण करने का निर्देश दिया है। यह वही खंड शिक्षा अधिकारी है जब ये प्रतापगढ़ जनपद के सदर के खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर तैनात थे प्रतापगढ़ में 10 हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप लगा था शहर के आवास विकास कालोनी के रहने वाले प्रभाकर प्रताप सिंह सदर ब्लाक के बड़ा पुरवा गांव स्थित जूनियर हाईस्कूल में सहायक अध्यापक पद पर तैनात हैं। उनकी चयन वेतनमान की पत्रावली सदर ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी रामशंकर के पास लंबित थी। प्रभाकर का आरोप है कि पत्रावली को संस्तुति करने और लंबित बोनस देने के लिए खंड शिक्षाधिकारी रामशंकर पुरी निवासी जिला बाराबंकी 10 हजार रुपये की घूस मांग रहे थे। उन्होंने खंड शिक्षाधिकारी के रिश्वत मांगने का ऑडियो रिकार्ड कर लिया था। प्रभाकर लगातार दो महीने से खंड शिक्षाधिकारी के यहां चक्कर लगा रहे थे।इसकी शिकायत प्रभाकर ने विजिलेंस (सतर्कता अधिष्ठान प्रयागराज) के एसपी से की थी। टीम ने जांच की तो घूस मांगने का आरोप सही पाया। फिर बीईओ को ट्रैप करने की योजना तैयार की गई। खंड शिक्षाधिकारी ने फोन कर प्रभाकर को पैसे लेकर अपने आवास पर बुलाया। सतर्कता अधिष्ठान की टीम ने प्रभाकर को रसायन युक्त नोट बीईओ को देने के लिए थमाए। उन नोटों को पकड़ने पर हाथ में रसायन लग जाता है और धोने पर पानी रंगीन हो जाता है। प्रभाकर के साथ विजिलेंस की टीम भी सादे कपड़ों में इंस्पेक्टर रमाशंकर पांडेय के नेतृत्व में शुकुलपुर स्थित खंड शिक्षा अधिकारी रामशंकर के आवास पर पहुंची। वहां शिक्षक प्रभाकर को पैसे लेकर बीईओ के घर के भीतर भेजा गया। इसके बाद जैसे ही बीईओ ने प्रभाकर के हाथों से नोटों की गड्डी थामी, सतर्कता अधिष्ठान की टीम ने उसे घेरकर पकड़ लिया। यहां से उसे कोतवाली ले जाया गया था वहाँ से विजिलेंस की टीम खंड शिक्षा अधिकारी को वाराणसी लेके रवाना हो गई थी।

तिरंगे के सम्मान के नियमो का उड़ाया गया मखौल

जिम्मेदारो की उदासीनता के चलते तिरंगे का क्षवि हो रहा धूमिल

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। जहां एक तरफ अमृत महोत्सव मनाने को लेकर युद्ध स्तर पर राष्ट्रीय ध्वज हर घर मे लगवाने की कवायद की गई थी और विभागीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया था और लोगों को देश प्रेम और राष्ट्रीय भक्त की भावना जागृत करने के लिए जागृत किया गया था और शहर से लेकर गांव तक के घरो पर तिरंगा लगाने की कवायद की गई थी लेकिन अमृत महोत्सव के समापन के उपरांत राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान पर प्रश्नचिन्ह लगता दिखाई दे रहा है और जिसकी बानगी गांव और शहरों में अभी तक लगे घरों में तिरंगे देखे जा रहे हैं जिस की दुर्दशा का आलम तो यह है कि कहीं सड़कों पर पड़े तो कहीं छतों पर लगे तिरंगे की हालत बेहद खराब देखा जा रहा है जिसकी बानगी आप वायरल वीडियो में देख सकते हैं यह मामला तुलसीपुर के एक दुकान पर लगे तिरंगे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होता देखा गया है जो कि फटा हुआ है जबकि नियंमता तो यह है कि राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान किया जाय और सुरक्षित रखा जाए और राष्ट्रीय पर्व पर सुशोभित किया जाए लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के उदासीनता के चलते अब तक लगे तिरंगे को नहीं उतारा गया और वह दयनीय स्थिति में लगे देखे जा रहे जिसमें कहीं झुके तो कहीं फट चुके तिरंगे आपको छत पर दिख जाएंगे जिसको लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी निभाने की आवश्यकता है इससे राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान बचा रहे और वह सुरक्षित रहें।

डिल्यूजनल डिसऑर्डर कराते हैं अंधविश्वास के कृत्य : डा. आलोक

–आस्था व अंधविश्वास में है सूक्ष्म मनोविभेद

अयोध्या। हाल ही में कानपुर के एक परिवार द्वारा बेटे के शव के पुनर्जीवित हो जाने के अंधविश्वास में डेढ़ वर्ष तक घर में रखे जाने की घटना से अंधविश्वास व आस्था के मनोविश्लेषण व मनोविभेद जागरूकता की आवश्यकता को प्रबल कर दिया है। जिला चिकित्सालय के किशोर व युवा मनोपरामर्शदाता डॉ आलोक मनदर्शन के अनुसार आस्था वह मनोदशा है जिससे मस्तिष्क में हैप्पी हार्मोन सेरोटोनिन व डोपामिन तथा तनाव दूर करने वाले व आनन्द की अनुभूति वाले हार्मोन एंडोर्फिन व आक्सीटोसिन की मात्रा बढ़ जाती है जिससे मन में स्फूर्ति, उमंग, उत्साह ,आनन्द व आत्मविश्वास का संचार होता है तथा मानसिक शांति व स्वास्थ्य में अभिवृद्धि होती है।

जबकि अंधविश्वास से अपरिपक्व, न्यूरोटिक, व साईकोटिक मनोरक्षा–युक्तिया प्रबल होती हैं जो कि मनोअंतदृष्टि को क्षीण करते हुए डिसोसिएटिव डिसऑर्डर, कन्वर्जन डिसऑर्डर,फोबिया, अवसाद, ओ.सी.डी.,उन्माद , अवसाद व स्किजोफ्रिनिया जैसी गंभीर मनोरोग का कारण बन सकती है।वहीं दूसरी तरफ गम्भीर मनोरोग से ग्रसित व्यक्ति या परिवार भी जघन्यतम अंधविश्वास के कृत्यों पर उतारू हो सकता है जिसे मनोविश्लेषण की भाषा मे डिल्यूजनल डिसऑर्डर कहा जाता है।समय समय पर पूरी दुनिया में अंधभक्ति या अंधविश्वास जनित जघन्य घटनाये सामने आती रहती है । हाल ही में कानपुर के एक परिवार द्वारा बेटे के शव के पुनर्जीवित हो जाने के अंधविश्वास में घर मे ही डेढ़ वर्ष तक रखे जाने की घटना इसका ताजा उदाहरण है तथा कुछ वर्षों पूर्व दिल्ली के बुराड़ी में घटी घटना ने तो झकझोर कर रख दिया था जिसमे समूचे परिवार ने आत्मा को अमर कर लेने के अंधभक्ति में आत्महत्या ही कर ली थी।

वजीरगंज डाक बंगला मे मानाया गया पं0 दीन दयाल की जयंती

गोण्डा । भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, एकात्म मानववाद दर्शन के प्रणेता, श्अंत्योदयश का मार्ग प्रशस्त करने वाले महान चिंतक श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर वजीरगंज डाक बंगला में पहुंचकर मुख्य अतिथि भाजपा के तेजतर्रार मंडल महामंत्री स्वतंत्र सिंह शक्ति केंद्र संयोजक ,बल करन ,सिंह ने सर्वप्रथम पुष्पांजलि अर्पित किया। बताते चलें कि इस अवसर पर,मंडल उपाध्यक्ष दुष्यंत गोस्वामी पिछड़ा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राम कुमार मौर्या,सोनू सोनकर, अमरनाथ गुप्ता, संदीप सोनी,राजन सोनी सौरभ कौशल, आयुष कौशल, बूथ अध्यक्ष सूर्य प्रकाश दुबे, बब्बू दुबे सोमनाथ गुप्ता, आदर्श सिंह रामशरण मौर्य, विजय कुमार गुप्ता, हरीनाथ सिंह, नितेश गोस्वामी, मुजम्मिल अहमद, दिलीप कुमार सिंह, रमेश कुमार दुबे, दिलीप सिंह के साथ तमाम वरिष्ठ कार्यकर्ता बंधुओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके द्वारा राष्ट्र निर्माण अंतोदय के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को याद किया। इस दौरान मंडल महामंत्री स्वतंत्र सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बताए गए मार्गों पर चलने का आह्वान किया तत्पश्चात श्रद्धेय मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया।

सदस्यों की मौजूदगी में सेवा संघ समिति ने अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन

गोंडा । जन्मदिन के अवसर पर सोशल मीडिया से लेकर अन्य प्लेटफार्म से श्री बालाजी दर्शन सेवा संघ परिवार समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा समिति के अध्यक्ष बृजेश मिश्रा जन्मदिन के अवसर पर बहुत धूमधाम से मनाया उक्त अवसर पर नबाबगंज निजी आवास पर कार्यकर्ताओं ने केक बेंट किया। और केक खिलाकर शुभ कामनाएं दी, इस दौरान,अमन कुमार मौर्य, सभी साथियों के साथ केक खिलाकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दिए, नकछेद जायसवाल ,दिनेश कुमार, राजू पांडे ,विजय कुमार ,मुंशी, ओमप्रकाश तिवारी, राकेश तिवारी ,शिवा ,श्यामलाल ,शुक्ला जी ,आकाश ,विकास सहित तमाम सदस्य गण मौजूद रहें।

भारतीय शिक्षा एवं संस्कृति का वाहक है योग– मुख्य विकास अधिकारी

गोंडा । आयुष विभाग गोंडा के तत्वावधान में जिले के टाउन हॉल में पोषण माह और योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार और क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ शिवाजी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाल योगियों ने हमारी अमूल्य धरोहर एवं अतुल्य संस्कृति –योग ,यज्ञ, आयुर्वेद, वेद, रामायण, गीता एवं वैदिक गणित पर अपने–अपने विचार व्यक्त किए साथ ही साथ विभिन्न एडवांस योग आसनों का प्रदर्शन कर योग के अद्भुत परिणामों से सबको आश्चर्यचकित कर दिया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने कहा सभी को पूर्ण रूप से स्वस्थ रहने के लिये योगाभ्यास अत्यंत आवश्यक है। योग तन, मन और श्वास की जागरूकता को विकसित करता है। साथ ही शरीर में स्फूर्ति को पैदा करता है। इसलिए आप सभी नियमित रूप से प्रत्येक दिन योगाभ्यास जरूर करें ध योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने कहा कि योग ऊर्जा के स्तर को बढ़ाता है , योग द्वारा हम अपना वास्तविक पोषण कर सकते हैं, योग हमारे शरीर,मन और आत्मा को सकारात्मक रूप से पोषित करता है। अंत में मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार न प्रतिभाग कर रहे समस्त छात्र–छात्राओं की सराहना करते हुए, सभी प्रतिभागियों को मेडल पहना कर एवं डॉ शिवाजी द्वारा आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण कर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया।

सुचित्तागंज पुलिस चौकी की भूमि का हुआ चिन्हांकन

सोहावल–अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के सुचित्तागंज बाजार में स्थित पुलिस चौकी के भूमि की पैमाइश कर चिन्हांकन हो गया है। अब चौकी की भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई दुकानों के टूटने की कवायद जल्द शुरू की जायेगी। बीते शनिवार को भाकियू नेता फरीद अहमद ने चौकी निर्माण को लेकर रौनाही थाने पर मुद्दा एसडीएम के सामने उठाया। एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस चौकी की भूमि की पैमाइश करा दिया । एसडीएम के निर्देश पर मौके पर पहुंचकर लेखपाल और कानूनगो ने पैमाइश कर चौकी की जमीन का चिन्हांकन शुरू किया। अवैध कब्जेदारों में खलबली मच गई। पूंछे जाने पर एसडीएम सोहावल ने बताया कि चौकी की भूमि का चिन्हांकन करवाया जा रहा है। अवैध कब्जेदारों से भूमि खाली करवायी जायेगी।

दुर्गा पूजा संचालन समिति के अध्यक्ष चुने गये सौरभ गुप्ता

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता द्वारा पूर्व की भाँति दुर्गा पूजा संचालन समिति के गठन और कुशल संचालन को लेकर स्थानीय रामजानकी मंदिर परिसर में नवरात्रि की प्रथम दिवस पर एक बैठक बुलाई गई, जिसमें सम्मति से सौरभ गुप्ता को भी दुर्गा पूजा संचालन समिति का अध्यक्ष चुना गया। बताते चले कि वर्ष 2021 की दुर्गा पूजा संचालन समिति के गठन में शोहरतगढ़ थाने की पंचायत के बाद अध्यक्ष के रूप में रामसेवक गुप्ता को चुना गया और सह–अध्यक्ष के रूप में सौरभ गुप्ता को चुना गया था। बताते चले कि दुर्गा पूजा संचालन समिति के गठन को लेकर एक पक्ष द्वारा पितृपक्ष में बैठक बुलाई थी, जिसमें पूर्व अध्यक्ष रहे राम सेवक गुप्ता को समिति का अध्यक्ष चुना गया था। जिसको लेकर समिति के सह–अध्यक्ष रहे सौरभ गुप्ता ने कटाक्ष किया था कि पूर्व में कभी भी पितृपक्ष में बैठक नही हुई किन्तु प्रायोजित कार्यक्रम के तहत बैठक बुलाई गई। सभी लोगों को पूर्व की भाँति नवरात्रि में ही बैठक बुलानी चाहिए। 2022 के दुर्गा पूजा संचालन समिति के गठन को लेकर अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता ने जो बैठक बुलाई उसमें कुछ पुराने पदाधिकारी

■ समिति के दो अध्यक्षों के चयन से गुटबाजी की आशंका, रामसेवक गुप्ता की अध्यक्षता वाली कमेटी हुई भंग

■ क्या राजनीतिक अखाड़े की तरफ इशारा कर रहा है पितृपक्ष और नवरात्रि की बैठक, लोगों के बीच बना था चर्चा का विषय

मौजूद रहे, लेकिन अधिकांश उपस्थित नही हो सके। जिस सन्दर्भ में उन्होंने यह भी कहा कि पुराने पदाधिकारियों की मौजूदगी और दिशानिर्देश में ही कार्यक्रम सम्पन्न होगा, क्योंकि यह कार्यक्रम सभी हिन्दू जनमानस का है और सभी पदाधिकारियों के सहयोग से दुर्गा पूजा का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। पूर्व समिति के पदाधिकारी मेरे संरक्षक के रूप में रहेंगे। उन्होंने समिति के पूर्व पदाधिकारियों के सहयोग की मांग की है। कार्यक्रम की भव्यता को लेकर लोगों से विचार भी मांगे गए है। बहरहाल नवरात्रि में आयोजित प्रथम दिवस की बैठक में सर्वसम्मति से सौरभ गुप्ता (छोटू) को दुर्गा पूजा संचालन समिति का अध्यक्ष चुना गया। दीनानाथ अग्रहरि, कृष्ण चंद्रपुरी, रामशंकर मद्धेशिया, नंदू गौड़ व चिनकू अग्रहरि को संरक्षक, राजेश कसौधन, संजू पाण्डेय, राजन श्रीवास्तव व अशोक दूबे को उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र अग्रहरि व सोनू निगम को महामंत्री, मोहित तिवारी, दुर्गा पटवा, राजेश अग्रहरि, हरीश शर्मा, बैजनाथ कन्नौजिया, रामबृक्ष कन्नौजिया व तेज मद्धेशिया को अखाड़ा प्रमुख व मीडिया प्रभारी के रूप में श्रवण पटवा व शिवरतन कन्नौजिया को चुना गया। दुर्गा पूजा संचालन समिति का संचालन सौरभ गुप्ता व प्रमोद पाण्डेय करेंगे। इस दौरान सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला का आयोजन कर किसानों की दी गई जानकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर/सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश कृषि विभाग के द्वारा प्रत्येक ब्लॉकों पर खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला आयोजित कर रहा है। इसी कड़ी में सिद्धार्थनगर जनपद के बढनी ब्लाक में कृषि विभाग द्वारा खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला का आयोजन किया गया। किसानों को जानकारी देने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र सोहना के वैज्ञानिक सम्मलित हुए। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी रहीं। जागरूक किसानों को निःशुक सरसों बीज वितरण किया गया। मेला में आये किसानों की समस्या सुनकर समाधान किया गया। जनपद के बढनी ब्लाक के सभागार में कृषि विभाग इकाई द्वारा खरीफ गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी सहित जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम दीप प्रज्वलित किया। कृषि विभाग कर्मचारियों ने आये अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। सबल संस्थान के सचिव दीनानाथ ने गौ आधारित प्राकृतिक खेती,वर्मीकम्पोस्ट एवं मशरूम की जानकारी दिया। उन्होंने कहा बढनी ब्लाक में किसी भी किसान को जानकारी चाहिए तो भरौली सबल संस्थान से संपर्क करें। कृषि विज्ञान केंद्र सोहना के चारों वैज्ञानिक डॉ प्रदीप सिंह, डॉ एस के मिश्रा, डॉ मार्केन्डेश्वर और डॉ डॉ शेषनारायण सिंह ने फसल रोगों,बचाव, मिट्टी सुधार, प्राकृतिक कृषि, फसल अवशेष, तिलहन उत्पादन, दवाओ का सही प्रयोग आदि जानकारी किसानों को दिया। पुर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दिया। इस दौरान किसानों को सरसों की बीज वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी विश्व सेवा संघ अध्यक्ष सुनिल केसी ने किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थपाठक, मंडल अध्यक्ष योगेंद्र तिवारी ने संबोधित किया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी ने आये हुए सभी किसानों का आभार प्रकट किया। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी कृषि रामसेवक यादव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत अनुपम सिंह, खंड तकनीक प्रबंधक विशाल सिंह, प्राविधिक सहायक कुलदीप सिंह, गोदाम प्रभारी संदीप कुमार वर्मा, प्रभारी राजकीय बीज भंडार कन्हैया लाल राना, भूमि संरक्षण अधिकरी नरेंद्र त्रिपाठी, सुशील कुमार, सत्यभवन, शिवेंद्र नाथ पांडेय सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस भाजपा बर्डपुर मण्डल में लिखा गया शुभकामना एवं अभिनंदन पत्र

सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर/सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी बर्डपुर मंडल में कार्यकर्ताओं ने विशेष कार्यक्रम आयोजित कर लाभार्थियों एवं विशिष्ट जनों से से संपर्क कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस हेतु शुभकामना एवं उनके नेतृत्व में केंद्र की सरकार द्वारा सैकड़ों जनकल्याणकारी महत्वाकांक्षी योजनाओं हेतु पोस्टकार्ड परअभिनंदन पत्र लिखा। इसी क्रम में क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम को लेकर मंडल अध्यक्ष नितेश पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा गरीब शोषित वंचित एवं किसानों को कल्याणकारी नीतियों का लाभ मिल रहा है। विषम परिस्थितियों में भी आज देश अपने अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश के प्रत्येक वर्ग के

विकास का नित्य एक नया आयाम लिखा जा रहा है वही वैश्विक दृष्टिकोण से भी भारत आज पूरी दुनिया में एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में अग्रणी हो रहा है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सबलू साहनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब से भारत के प्रधानमंत्री बने हैं तभी से हमारा देश एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। इस दौरान श्यामबिहारी मिश्रा, सुदामा मौर्या, आशीष मिश्रा, शिवम, गुड्डू मिश्रा, रामसेवक, शिव प्रकाश, विनोद सहित सैकड़ों लोगों ने अभिनंदन पत्र लिखा।

प्रधानों ने किया ब्लॉक परिसर में धरना प्रदर्शन

खण्ड विकास अधिकारी का रवैया नहीं है ठीक-प्रधान

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। ब्लॉक परिसर में प्रधानों ने कल दिन

मंगलवार को खंड विकास अधिकारी राकेश शुक्ला के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया है ब्लॉक के सामने प्रधानों ने जमकर नारेबाजी की है और प्रधानों का आरोप है कि प्रधानों ने जब खंड विकास अधिकारी से बातचीत करने गए तो उठ कर चले जाते हैं और मोबाइल देखने लगते हैं प्रधानों की समस्या कौन सुनेगा जब से खंड विकास अधिकारी आए तब से कोई नया कार्यादेश नहीं कर रहे हैं ब्लॉक प्रधान अध्यक्ष सोनू यादव ने प्रधानों के साथ मिलकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा और अधिकारी प्रधानों के तनाव के बीच पुलिस पहुंचकर शांत कराई और खंड विकास अधिकारी ने चेंबर में बातचीत चालू हो गई लेकिन प्रधानों ने संतुष्ट नहीं हुए बातचीत में प्रधानों ने चेंबर में से उठ कर चले जाते हैं वहीं खंड विकास अधिकारी राकेश शुक्ला का कहना है कि जो भी आरोप लगाए गए हैं वह निराधार है लेकिन जो भी समस्या आया है उसको सुधारने का पूरा प्रयास करेंगे।

लोगों की जमा पूंजी तत्काल उनको कराई जाए वापस–पिन्टू साहनी

गोरखपुर। राइज एंड शाइन सोसाइटी के संस्थापक पिन्टू साहनी एडवोकेट के द्वारा हो रहे समाज मे विभिन्न प्रकार के अंधविश्वास ,पीड़ित लोगों का जिनका कोई नही सुनता था उसे संस्था के माध्यम से उनके समस्याओ का समाधान होता चला आ रहा है। पत्रकारों से बातचीत में संस्थापक पिंटू साहनी ने कहा कि संस्था का जन्म ही हुआ है अन्याय,अंधविश्वास के खिलाफ लड़ना ,शिक्षा ,चिकित्सा ,रोजगार मुफ्त,बेहतर कराना। राइज एंड शाइन सोसाइटी द्वारा लगातार चिटफण्ड कंपनियां जैसे सहारा कंपनी,पिनकोन कंपनी,पी0ए0सी0एल0 कंपनी,रोजवैली,यूनाइटेड आदि कंपनिया जो लोगो का लाखो ,करोड़ो रुपया जमा कराकर रफू चक्कर हो गयी। उन्होंने कहा कि सेबी के पास उपरोक्त कंपनियों का जो गरीब ,मजदूर का रुपया पड़ा हुआ है,न तो सेबी और न ही कंपनिया लोगो का जमा पैसा वापस करना चाहती है.और तो और मोदी सरकार भी नही चाहती कि लोगों का जमा पैसा वापस मिले। उपरोक्त कंपनियो तथा सेबी द्वारा लोगो का रुपया वापस भुगतान के संबंध में राइज एंड शाइन सोसाइटी द्वारा जिलाधिकारी, वित्तमंत्री, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश से लिखित में भुगतान की मांग की जा चुकी है। कई कई बार प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भी लोगो का जमा पैसा वापस भुगतान की मांग की जा चुकी है लेकिन सरकार भी चाहती है कि लोगो का जमा पैसा वापस भुगतान नही किया जाएगा। अब समय आ चुका है लोकसभा का चुनाव 2024 में होना है इससे पहले हम सभी प्रत्येक घर से निकले और प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी के कार्यालय पर लगातार अनशन पर बैठे जब तक लोगो का जमा रुपया वापस नही मिल जाता है।

लगन, परिश्रम और जुनून कार्य की सफलता की पूंजी है:शिव प्रताप

गोरखपुर। लगन, परिश्रमऔर जुनून कार्य की सफलता की पूंजी है। संगठन को संचालित करने के लिए यह जरूरी है कि किए गए कार्य कितनी इमानदारी से किया गया है, सन रोज संस्थान के विगत कार्यों से यह स्पष्टीकरण है। संस्थान ने अभी तक कला, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में लगातार कार्यों को करती रही है और आगे भी करेगी, मुझे यह पूर्ण विश्वास है। आज के अवसर पर संस्था के संस्थापक विवेक अस्थाना को और उनकी पूरी टीम को बधाई देता हूं। ध्उक्त बातें सन रोज संस्थान के 30वें स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद शिव प्रताप शुक्ला ने कही। उन्होंने कहा कि 30वें स्थापना दिवस पर संस्था के सहयोगियों को गर्व सम्मान से सम्मानित करना एक बेहतरीन कार्य की शुरुआत है। विशिष्ट अतिथि दूरदर्शन केंद्र के कार्यक्रम प्रमुख डॉ. ब्रजेंद्र नारायण ने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति से किसी भी कार्य को किया जा सकता है, सन रोज संस्थान विगत 30 वर्षों से जनहित, समाजहित और कला के क्षेत्र में लगातार कार्यों करता रहा है। चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. डीके गुप्ता ने कहा कि संस्था के विगत कार्य ही उसकी प्रामाणिकता दर्शाता है। उन्होंने आयोजकों और सम्मानित होने वाले लोगों को बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छाया चित्र पर अतिथियों एवं सदस्यों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात भजन नृत्य एवं गीत स्मृति पाण्डेय, और पूनीत श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों एवं संस्थान के सदस्यों ने मिलकर 30वें स्थापना दिवस पर केक काटा। संस्था के नाट्य विभाग द्वारा आगामी कार्यक्रम ष्लोकनायक तुलसीदासष् नाट्य स्क्रिप्ट का पूजन मुख्यअतिथि एवं नाटक से जुड़े कलाकारों द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक एवं चेयरमैन विवेक कुमार अस्थाना ने कहा कि संस्था को संचालित करने के लिए उसकी रीढ़ की हड्डी उसके सदस्य और सहयोगी होते हैं। 30वें स्थापना दिवस पर गर्व सम्मान की शुरुआत की गई है और आगे भी जारी रहेगी। 30वें स्थापना दिवस पर संस्था के प्रगति एवं उत्थान में सहयोग व योगदान के लिए संस्थान द्वारा विजय खेमका, निदेशक शाहाब तारिक, सचिव उमेश चंद, सदस्य देश दीपक, मो0 इरफानुल्लाह मुगल को अंग वस्त्र, सम्मान पत्र एवं मोमेंटो देकर ष्गर्व सम्मान 2022ष् से सम्मानित तथा अतिथियों को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही आमंत्रित अतिथियों को भी अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संस्था की प्रमुख निहारिका अस्थाना ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रीता श्रीवास्तव ने किया।कार्यक्रम के दौरान संस्था के संस्थापक चेयरमैन विवेक कुमार अस्थाना, संरक्षक विजय खेमका, प्रमुख निहारिका अस्थाना, निदेशक शाहाब तारिक, सचिव उमेश चंद, सदस्य देश दीपक, वरिष्ठ कलाकार राजेश श्रीवास्तव, मो० इरफान मुगल, विनोद चंद्रेश, डा. सुमन श्रीवास्तव, डॉ. अमर चंद श्रीवास्तव, डॉ. अमरनाथ श्रीवास्तव, नम्रता श्रीवास्तवा, जयंत चौधरी, शिखा पांडेय, देव अस्थाना, लीला श्रीवास्तवा, जफर खान, अनुराग खेमका, अंकित श्रीवास्तव, अनीश सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

निलम्बन वापस नही हुआ तो तहसील मे धरना देंगे लेखपाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। निलम्बन वापस नही हुआ तो 29 सितम्बर से लेखपाल तहसील मुख्यालय पर धरना देंगे, जिसकी जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की होगी। लेखपाल संघ संघ के तहसील अध्यक्ष सुधीर श्रीवास्तव मंत्री देवानन्द सोमवार को उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव,एवं तहसीलदार राम ऋषि रमन को लिखित रूप से ज्ञापन दिए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि पंकज मिश्रा का निलंबन वापस करने,अनंग नाथ शुक्ला का विभागीय कार्यवाही समाप्त किये जाने,अनैतिक स्थानांतरण निरस्त करने की मांग की गई है। पत्र में लिखा गया यदि 28 सितम्बर तक मांगे नही मानी गई तो 29 सितम्बर से तहसील से सभी लेखपाल तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने समय कृष्ण भूषण द्विवेदी, शशांक सौरभ, कृष्णानन्द चौधरी, कमलेश, राहुल मणि त्रिपाठी, राजेश, शिवशंकर यादव, गणेश त्रिपाठी, देवेन्द्र श्रीवास्तव, सूर्यभान सिंह, वीर विक्रम, ज्ञान प्रकाश, दिलीप श्रीवास्तव, अमित, बृजेश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

अवैध निर्माण पर उपजिलाधिकारी ने दिया नोटिस

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड उसका बाजार के ग्राम पंचायत पठानपुर में एक व्यक्ति द्वारा नवीन परती पर अवैध निर्माण किया जा रहा था उसी गांव की एक महिला मनभावती द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत किया गया था कि नवीन परती पर अवैध निर्माण किया जा रहा है प्रशासन द्वारा संज्ञान में लेकर अवैध निर्माण हटाने के लिए 15 दिन के अंदर नोटिस दे दिया गया है और कहा गया कि 15 दिन के अंदर अगर अवैध निर्माण को नहीं हटवाया जाता है तो प्रशासन द्वारा हटा दिया जाएगा।

सम्पादकीय

बुनियादी सवाल है कि नफरत का भारत राष्ट्र धर्म भला ब्रितानी एनआरआई हिंदुओं की बुि को भी कैसे भ्रष्ट कर गया? उन्हें कैसे अंधा और लंगूर बना गया? अपनी दलील है कि मोदी ने इतिहास की ग्रंथि पर भक्ति और अंध ाविश्वास का जो अमृत हिंदुओं को चखाया है तो वह पूरी हिंदू सभ्यता को करप्ट व अंधविश्वासी...

नफरत है अंधा–मूर्ख बनाने का केमिकल!

सोचें, ब्रिटेन में बसे हिंदुओं पर! कहते हैं और मैं भी मानता रहा हूं कि एनआरआई हिंदू पढ़े–लिखे–बुद्धिमान और पुरुषार्थी हैं। समझदार व सभ्य इंसान हैं। वे हम सनातनियों की शान हैं। इसलिए जब ब्रिटेन में कंजरवेटिव पार्टी ने ऋषि सुनक को प्रधानमंत्री बनाने पर विचार किया तो मुझे वह सनातनी धर्म की काबलियत, हिंदू क्षमता, हिंदू गौरव की बानगी लगी। यह सत्य है कि ब्रिटेन, अमेरिका और कनाडा जैसे कई देशों में भारतीय मूल के लोग अपनी काबलियत, बुद्धि, खुले–उदार दिमाग से वहां महापंडित बने हैं। कई लोग उन देशों की सत्ता में हैं। मंत्री और अफसर हैं। मतलब सनातनी हिंदू मेधा के सच्चे प्रतिनिधि, कौम व सभ्यता के गौरव।

लेकिन आठ साल के मोदी राज की छाया उन देशों में भी जा पहुंची। नफरत से पैदा हुए देशी लंगूर और टीवी चौनलों व सोशल मीडिया के भगवाई रंग–रूप के जादू ने इन एनआरआई हिंदुओं की बुद्धि का भी हरण कर लिया। उन्हें गंवार, मूर्ख और बुद्धिहीन बना डाला।

तभी मेड इन इंडिया के नए नफरती केमिकल का कमाल देखिए जो ब्रिटेन के लिस्टर शहर के हिंदुओं ने दुबई में हो रहे क्रिकेट मैच को देखा तो उनका श्हनुमानत्व्य ऐसा जागा कि सड़कों पर जय श्रीराम के नारा लगाने लगे। जैसे तिरंगा यात्रा आदि के मोदी–शाह के आह्वान में भारत में होता है और मुस्लिम बस्ती में जा कर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगते हैं तो हिंदू बहुल लिस्टर के हिंदू, मुस्लिम इलाके में जय राम के नारों से अपना श्हनुमानत्व्य दिखाने लगे। मुसलमान भी घर से बाहर निकल पड़े और उनका जवाबी नारा और अल्ला हू अकबर से प्रतिवाद! तो नोट करने वाली पहली बात, जो दिमाग को अंधा और मूर्ख बनाने का भारत केमिकल ब्रिटेन के हिंदुओं की खोपड़ी में जा पैठा। यह अनहोनी और सत्यानाशी बात है। इससे अब विकसित, सभ्य, लोकतांत्रिक देशों में हिंदुओं के लंगूर रूप पर वॉच होगी। हिंदू और हिंदू की राजनीतिक सोच की बदनामी फैलेगी। हम और आप अनुमान नहीं लगा सकते हैं कि ब्रिटेन के गोरे बहुल सभ्य समाज में लिस्टर की सड़क पर जय श्रीराम के नारों और उसकी क्रिया–प्रतिक्रिया का कैसा प्रभाव हुआ होगा या आगे बनेगा। ऋषि सुनक से लेकर वहां के तमाम हिंदू मंत्री और नेता सभी की राजनीति पर ग्रहण लग गया है। यही स्थिति कनाडा और अमेरिका के एनआरआई हिंदुओं की बनती हुई है। तो नफरत के हिंदू केमिकल का परिणाम ठेठ ब्रितानी हिंदुओं के दिमाग में भी। इसका परिणाम? हिंदू बुरी तरह पीटे। उस समाज में जलालत तो पाकिस्तानियों, मुसलमानों के लिए मौका। यह एक गहरी बात है। इसे उस राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ को खास तौर पर जानना चाहिए, जिसके प्रमुख मोहन भागवत डींग मारते हैं कि उनका संगठन तीन दिन में स्वंयसेवकों की सेना खड़ी कर देगा। सोचें, ऐसी डींग से भविष्य में क्या होगा? कथित सेना वैसी ही भागी और पीटी हुई होंगी, जैसे लिस्टर में अपनी बहुलता के इलाके में भी हिंदू पीटे हैं। हां, इतने पीटे कि भारत के उच्चायुक्त को वहां बयान देना पड़ा। और विश्व हिंदू परिषद ब्रितानी प्रधानमंत्री से अपील करते हुए है। बुनियादी सवाल है कि नफरत का भारत राष्ट्र धर्म भला ब्रितानी एनआरआई हिंदुओं की बुद्धि को भी कैसे भ्रष्ट कर गया? उन्हें कैसे अंधा और लंगूर बना गया? अपनी दलील है कि मोदी ने इतिहास की ग्रंथि पर भक्ति और अंधविश्वास का जो अमृत हिंदुओं को चखाया है तो वह पूरी हिंदू सभ्यता को करप्ट व अंधविश्वासी बनाते हुए है। ब्रिटेन, कनाडा, अमेरिका के हिंदू भला कैसे प्रभाव से बचे रहते? संभव ही नहीं जो विदेश में स्वदेश के जादूगर नरेंद्र मोदी और उनके रंग में रंगे भारत राष्ट्र का नफरत का संकल्प उनके दिमाग में न पैठे। वे सड़क पर नहीं उतरें। लिस्टर के हिंदुओं में गुजराती खासे हैं। इसलिए उनका भी यह कर्तव्य पथ है जो वे ब्रिटेन में अमित शाह के पानीपत की तीसरी लड़ाई का डेमो कर दिखाएं। तभी लिस्टर में जो हुआ वह भविष्य के भारत का डेमो है। आप नहीं मानते। मत मानिए। वक्त का इंतजार कीजिए।

पुरानी पेंशन का चारा

पुरानी पेंशन योजना की समाप्ति का फैसला नव–उदारवादी नीतियों के कारण हुआ, जिन्हें देश ने लगभग आम सहमति के साथ स्वीकार कर लिया था। उन नीतियों के जारी रहते उनके एक स्वाभाविक को पलटना एक विसंगति ही माना जाएगा। राज्यों में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अब विभिन्न विपक्षी दलों की तरफ से सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना वापस लाने के वादे की झड़ी लग गई है। संभवतरू इस वादे के पीछे यह धारणा है कि चुनाव नतीजों को प्रभावित करने में सरकारी कर्मचारी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फिर यह भी माना जाता है कि अगर एक कर्मचारी खुश होगा, तो उससे जुड़े कई परिजनों का वोट संबंधित पार्टी को मिल सकता है। लेकिन इसी वर्ष उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विधानसभा चुनावों में यह वादा समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को जीत दिलाने में नाकाम रहा। फिर भी राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकारों ने पुरानी पेंशन योजना बहाल कर दी है और अब गुजरात में ऐसा ही वादा कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ने किया है। लेकिन वहां भी इसके प्रभावी होने की संभावनाएं कम ही हैं। इसलिए कि तमाम मतदाताओं के बीच सरकार कर्मचारियों की संख्या न्यून होती है, बल्कि खुद सरकारी विभागों में अब लगभग एक चौथाई अस्थायी कर्मचारी हैं, जिन्हें कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलती।

वैसे भी बाकी समाज ऐसी सुरक्षाओं से वंचित रहे, जबकि सरकारी नौकरी पा जाने वाले कुछ खुशकिस्मत लोगों की रिटायर्ड जिंदगी निश्चिंत होकर गुजरे, इस बात का कोई तर्क नहीं हो सकता। गौर करने की बात है कि 2004 में पुरानी पेंशन योजना की समाप्ति का फैसला नव–उदारवादी कट्टरता की उन नीतियों के कारण हुआ, जिसे देश ने लगभग आम सहमति के साथ स्वीकार कर लिया था। अब बाकी क्षेत्रों में उन नीतियों पर आगे बढना और उनके स्वाभाविक परिणाम एक निर्णय को पलट देना एक विसंगति ही माना जाएगा। बेहतर यह होत कि राजनीतिक दल इन नीतियों पर अमल के तीन दशक के अनुभव के आधार पर इनकी अपना पूरा आकलन देश के सामने रखते। लेकिन ऐसा कर सकने की बौद्धिक क्षमता और साहस किसी दल के पास है, उसके कोई संकेत नहीं मिले हैं। इस बीच चुनाव जीतने की बेसब्री में ऐसा वादा करना जिस पर अमल इन नीतियों के रहते समस्या ही पैदा करेगा– इन दलों की अल्पदृष्टि को जाहिर करता है। ऐसे वादों या उपायों से समाज का भला नहीं होता– यह हमें याद रखना चाहिए।

कहने वाले नहीं मानेंगे : वंशवाद नहीं तो रिमोट से चलाने का आरोप लगाएंगे

सोचें, ये ऐसे राजनीतिक विरोधी हैं, जो हाल के दिन तक साथ थे। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि कांग्रेस जैसी जन्मजात विरोधी पार्टी के नेताओं के साथ आज की सत्ता किस सीमा तक जा कर बरताव कर रही है। दूसरी खास बात यह है कि आप तभी अपने मान जाएंगे। जब आप भक्त बने। बुद्धी–सत्य को मिटा कर कीर्तन करें। मोदीजी की भक्ति, उनसे सहमति सौ फीसदी और संपूर्ण होनी चाहिए...

शकील अख्तर

यह उदाहरण कि कानून का डर नहीं देश में कानून और व्यवस्था के राज पर बहुत बड़ा सवाल है। कानून किसी पर लागू होना और कई लोग कानून से ऊपर होने की स्थिति भारत में पहली बार देखी गई। और यह देश में कानून व्यवस्था होने पर जो सवाल उठाती है वह देश में और देश के बाहर दोनों जगह बहुत गलत संकेत दे रही है। देश के अंदर से खोखले होने की। जिसे वापस भरने में बहुत समय लग जाएगा। देश को वापस मजबूत बनाने में। राहुल को जो करना है करें मगर यह विवाद खत्म नहीं होगा। यह टिपिकल प्रतिगामी सास दृष्टि है। अरे हमेशा ही सीधा पल्ला थोड़ी अच्छा लगता है, लड़के के साथ जा रही हो, थोड़ी जंच के जाओ। और आमलेट इस अंडे का क्यों बना दिया उसका बना देती तो पूरा खा भी जाता! और नहा कर किचन में क्यों नहीं गईं, और सुबह नहाने के चक्कर में पड़ जाती है, यह नहीं कि पहले हमें चाय बनाकर दे दे। किसी कल चौन नहीं है। इन्हें दुनिया की कोई ताकत खुश नहीं कर सकती। आपस में भी ऐसी ही वक्र दृष्टि रखते हैं। इसलिए बेहतर है कि यह मत सोचो कि हमारे यह करने से वे यह कहेंगे और नहीं करने से चुप हो जाएंगे। इन्दिरा गांधी इन्हें हमेशा प्रतिक्रियावादी कहती थीं। कुछ भी करो, कहो यह रिएक्ट करेंगे। यथास्थितिवादी, प्रतिगामी ऐसे ही होते हैं। सास दृष्टि लिए हुए। सास कोई जेंडर (लैंगिक) मामला नहीं है कि केवल महिलाओं पर लागू होता है। पुरुषों पर भी उतना ही सटीक उतरता है। मीडिया और भाजपा यही कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा इस बार नेहरू गांधी परिवार से कोई नहीं बनेगा। तो क्या वे समझते हैं कि जो वंशवाद का मामला उठाया जा रहा था वह खत्म हो जाएगा। बहुत सारे लोग ऐसा सोचते हैं। उनके लिए एक उदाहरण। राहुल मोदी जी के बहुत बाद में ट्विटर पर आए। प्रियंका तो और बाद में। तो जब तक आए नहीं थे रोज सवाल उठाए जाते हैं कि सोशल मीडिया के जरिए लोगों से इन्टरेक्ट (संपर्क) क्यों नहीं करते? आ गए तो यह कहते हैं कि ट्विटर से राजनीति नहीं होती। जबकि राहुल सबसे ज्यादा सड़कों पर रहे हैं। लोगों से मिले। आन्दोलन किए। कोरोना के पूरे दो–ढाई साल सक्रिय रहे। हर बार मीडिया से मिले प्रेस कान्फ्रेंसेस की। मगर मीडिया, भाजपा तो ठीक है। ममता बनर्जी और गुलामनबी आजाद तक कह देते हैं कि राहुल कहां हैं? राहुल अब 19 दिन से लगातार पैदल चल रहे हैं। क्या करें? तो कहते हैं शर्ट कौन सी पहनी? कौन आकर मिला? हम वहीं थे। यूसी कालेज अलावा, कोच्चि के बाहर। वह लड़की कालेज यूनियन की सेकेट्री मीवा मिली। बहुत खुश थी कि राहुल आ रहे हैं। राहुल को वहीं रात को रुकना था। मीवा ने कहा कि राहुल गांधी बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। युवाओं में उत्साह है। हम सब देश से नफरत भगाने देश जोड़ने के काम में उनके साथ है। इसी अखबार के सहयोगी चौनल डीबी लाइव ने उसका इंटरव्यू किया। अगले दिन वह राहुल से मिली। और बस हंगामा शुरू हो गया। एक दूसरी लड़की का फोटो डालकर कहा जाने लगा कि यह देश तोड़ने वाली लड़की से राहुल मिल रहे हैं। मीवा तो देश जोड़ने की बात कर रही थी। वह दूसरा शहर, दूसरा राज्य, दूसरी लड़की थी। मगर उसे एनएसयूआई की केरल ईकाई केएसयू की मीवा एन्ड्रेलियो से जोड़ दिया गया। झूठ का कोई अंत नहीं है। राहुल को बदनाम करने के लिए कहीं तक भी जा सकते हैं। सब इन्स्टीट्यूशन, सारी लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं खत्म कर दीं। लेकिन उन पर कोई बात नहीं कर सकता। बात होगी केवल राहुल पर, उसकी कमियों पर। कितना नुकसान हुआ है इसके बहुत सारे उदाहरण दे सकते हैं। मगर समझ में आना है तो एक ही बहुत है नहीं तो चाहे जितने लिख दें नहीं समझेंगे, मानेंगे। और ऐसे लोगों को समझाने की कोशिश करना समय की बर्बादी है। इन्हें खुद झटका खाने पर सब समझ में आ जाएगा। इसे ही कहते हैं जब सिर पर पड़ती है तो नून, तेल, लकड़ी सब याद आ जाता है। वह वक्त भी जल्दी आएगा। हालांकि बहुत कीमत वसूल करने के बाद आएगा। आठ साल में बहुत तबाही हो गई है। हर लिहाज से। मगर यहां भी बस एक ही उदाहरण देंगे। बाकी सब उसी से समझ में आ जाएगा। उत्तराखंड में भाजपा के नेता ने अपने होटल में काम कर रही एक युवा लड़की की हत्या कर दी। क्यों? क्योंकि वह उसके सैक्स रैकेट में शामिल होने को तैयार नहीं थी। इस बात पर हत्या। पांच दिन बाद शव बरामद हुआ। और हत्या से पहले क्या हुआ यह शायद ही कभी पता चले। तो इतनी हिम्मत आती कहां से है। वहीं से जहां सामूहिक बलात्करियों, बच्चों की पटक–पटक कर हत्या करने वालों को जेल से रिहा कर दिया है और उनका सार्वजनिक स्वागत अभिनंदन होता है। उससे जहां कठुआ में बलात्कारियों के समर्थन में तिरंगा रैली निकली जाती है। उससे जहां उन्नाव में बलात्कार पीड़िता के परिवार के लोगों की हत्या कर दी जाती है। उससे जहां हाथरस में सामूहिक बलात्कार पीड़िता के घर को ही घेरकर वहां नारेबाजी की जाती है। और इन सारे मामलों में आरोपियों को और गुजरात में तो दोष सिद्ध होने वालों को जेल में पूरी सुविधाएं मिलती हैं। वीआईपी ट्रीटमेंट। अभी लखीमपुर में किसानों को कुचल देने वाले भाजपा नेता केन्द्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा को हेकड़ी के साथ कोर्ट में जाते हुए सबने देखा था। जेल में उसके लिए कितने पान, खाने–पीने का सामान जाता है, कितने कूलर लगे हैं यह खबर भी छपी थी। मंत्री पिता द्वारा पत्रकारों, किसानों को धमकाने, किसान नेता राकेश टिकैत को दो कौड़ी का आदमी बताने के वीडियो वायरल हुए।

गांव तक पहुंच गया डिजिटल इंडिया

कोई सामान खरीदा तो मोबाइल से पेमेन्ट कर दिया। ठेले पर चाय बेचने वाला भी गूगल पेमेंट ले लेता है। पान खाने के बाद फटे–पुराने रुपये अथवा रेजगारी को लेकर झगड़ा करते थे, अब डिजिटल पेमेन्ट हो रहा है जिसमें न तो कोई नोट कटा–फटा है और न पुराना। इतना ही नहीं डिजिटलाइजेशन ने नकली नोटों के प्रचलन पर भी लगाम लगा दी है। अब मनी आर्डर नहीं भेजा जाता बल्कि बेटा मोबाइल से ...

आर.एस. द्विवेदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में देश की सत्ता संभाली थी। जुलाई 2015 में उन्होंने अपनी महत्वाकांक्षी योजना डिजिटल इंडिया की शुरुआत की। उन्होंने कहा था इस नई पहल से करोड़ों देशवासियों के सपने साकार होंगे और यह भारत का भविष्य बदलेगा। उसी दिन से डिजिटल इंडिया वीक शुरू हुआ था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि योजना के शुरू होने से पहले ही डिजिटलाइजेशन के क्षेत्र में साढ़े चार लाख करोड़ रुपये के निवेश का ऐलान हो चुका है। इससे देश में 18 लाख लोगो को रोजगार के अवसर मिलेंगे। पर्यावरण की चिंता भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग रही है। धरती पर हरीतिमा बनी रहे, इसलिए पीपल जैसे बहुआयामी वृक्ष को काटने पर पाप माना गया। वट अर्थात् बरगद की पूजा तो आज भी स्त्रियां करती हैं। इसी प्रकार नदियां प्रदूषित न हों, इसके लिए उनको माता की संज्ञा दी गयी। यह बात दीगर है कि गंगा जैसी नदी भी प्रदूषित हो गयी। इसको प्रदूषण से मुक्त कराने के लिए नमामि गंगे जैसे अभियान चलाया जा रहा है। पर्यावरण को शुद्ध रखने में सबसे ज्यादा महत्व पेड़–पौधों का ही होता है। इन्हीं से कागज भी बनता है। इसके चलते भी जंगल सीमित होते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल इंडिया का सपना देखते हुए पर्यावरण को भी ध्यान में रखा था। इसके साथ ही सरकारी योजनाओं के तहत दिया जाने वाला पैसा पात्र व्यक्ति तक बिना किसी बिचौलिए के पहुंचे, इसके लिए भी डिजिटलाइजेशन जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के 8 वर्षों में इण्डिया को इतना तो डिजिटल बना ही दिया है कि अब पान वाला भी डिजिटल पेमेन्ट लेता है। खरीददारी तो 80 फीसद के करीब डिजिटल ही होने लगी है। सरकारी कामकाज में भी डिजिटलाइजेशन बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश की विधानसभा को योगी आदित्यनाथ ने पूरी तरह डिजिटलाइट कर दिया है। प्रतिपक्ष के नेता अखिलेश यादव ने इस बात के लिए मुख्यमंत्री की तारीफ की थी। इसी तरह का कार्य देश भर में हो रहा है। इससे कागज की बचत हो रही है जो अंततः पर्यावरण की रक्षा का एक कदम है।

आर्थिक क्षेत्र में डिजिटल लेन देन को बढ़ावा दिया जा रहा है। रिजर्व बैंक आफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने डिजिटल लेन देन को बढ़ावा देने के लिए तीन नये डिजिटल भुगतान की पहल की है। मुंबई में 20 सितम्बर को आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट–2022 में आरबीआई गवर्नर ने यूपीआई पर रूपे क्रेडिट कार्ड, यूपी आईलाइट और भारत बिल पे क्रास बार्डर बिल पेमेन्ट सोल्यूशंस सेवा को लांच किया है। इन सेवाओं के शुरू होने के बाद 30 करोड़ और नए लोग डिजिटल पेमेन्ट के इस सिस्टम से जुड़ सकेंगे। गवर्नर शक्तिकांत दास ने कर्ज देने वाले ऐप और उनके द्वारा ऊंचा ब्याज वसूलने को लेकर आगाह किया है। रूपे क्रेडिट कार्ड के साथ यूपीआई लिंक से कस्टमर्स और मर्चेन्ट दोनों को लाभ होगा। इसमें क्यूआर कोड के माध्यम से कस्टमर्स क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर सकेंगे। गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया कि इससे छोटे मूल्य का लेन–देन आसान तरीके से यूपीआई लाइट के जरिए किया जा सकेगा। भीम ऐप पर यूपीआई लाइट से ग्राहक निकट–आफ लाइन मोड में छोटे मूल्य के लेन–देन कर सकेंगे। अपने डिजिटल इंडिया के बढ़ते कदम को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 20 सितम्बर को कहा कि फिनटेक उद्योग सुरक्षा पर काम करे। उन्होंने कहा कि फिनटेक क्षेत्र को लोगों का भरोसा बनाए रखने के लिए सुरक्षा पर लगातार काम करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट को दिये अपने संदेश में कहा कि यह क्षेत्र इस बात की तस्दीक करता है कि जब नवाचार को बढ़ावा देने वाली सरकार, युवा और आविष्कारशील दिमाग एक साथ आते हैं, तो कैसे अजूबों को साकार किया जा सकता है। भारत के लिए डिजिटलाइजेशन भी एक नवाचार है। इससे पहले लेन–देन में हेराफेरी और भ्रष्टाचार की गुंजाइश ज्यादा रहती थी। कभी–कभी तो पुराने और घिसे–पिटे नोटों को लेकर ही चख–चख होने लगती थी। डिजिटल पेमेंट ने इन समस्याओं से छुटकारा दिला दिया है। ग्रामीण क्षेत्र में मनरेगा जैसी योजना में श्रमिकों को अब सीधे बैंक खाते में भुगतान मिलता है। छात्रवृत्ति में भी अब किसी प्रकार का घोटाला नहीं किया जा सकता। किसानों को खतौनी लेनी हो अथवा अन्य दस्तावेज, एब कुछ आसानी से मिल जाता है इसके लिए रजिस्टर नहीं खोजने पड़ते। दरअसल, डिजिटाइलेशन व्यवसाय मॉडल को बदलने, नये राजस्व और मूल्य उत्पादक अवसर प्रदान करने के लिए डिजिटल तकनीक का एक उपयोग है। इसमें कागज का उपयोग नहीं होता और हेरफेर करने की गुंजाइश भी नहीं रहती। किसी भी प्रकार की सूचना को अथवा किसी भी प्रकार के दस्तावेज को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने की प्रक्रिया को ही डिजिटलाइजेशन कहते हैं। आज के समय में इसका बहुत ज्यादा महत्व है क्योंकि हमें किसी प्रकार की सूचना या डाटा (आंकड़ा) को हार्ड फार्मेट में बहुत ज्यादा समय तक रखना जोखिम भरा है और कागज की भी बर्बादी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसीलिए डिजिटलाइजेशन के महत्व को समझा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में देश की सत्ता संभाली थी। जुलाई 2015 में उन्होंने अपनी महत्वाकांक्षी योजना डिजिटल इंडिया की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा था इस नई पहल से करोड़ों देशवासियों के सपने साकार होंगे और यह भारत का भविष्य बदलेगा। उसी दिन से डिजिटल इंडिया वीक शुरू हुआ था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि योजना के शुरू होने से पहले ही डिजिटलाइजेशन के क्षेत्र में साढ़े चार लाख करोड़ रुपये के निवेश का ऐलान हो चुका है। इससे देश में 18 लाख लोगो को रोजगार के अवसर मिलेंगे। योजना को शुरू करते हुए पीएम मोदी ने कहा था कि तकनीक को अपनाना समय की मांग है। इसे नहीं अपनाया तो दुनिया में पिछड़ जाएंगे। मानव जाति अब वहीं पर बसेगी, जहां से आप्टिकल फाइवर की लाइन गुजरती होगी। युवाओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा था कि सिर्फ विरासत के गीत गाने से कुछ नहीं होगा, इसके साथ आधुनिकता को भी जोड़ना होगा।

तब से सचमुच भारत बदल गया है। लोगों को वे दिन भी याद हैं जब बैंकों में कितने ही ग्राहक ऐसे मिल जाते थे जो अनुरोध करते थे कि भइया रुपये निकालने हैं, पर्ची भर दो। अब तो उनके मोबाइल में ही बैंक है। कोई सामान खरीदा तो मोबाइल से पेमेन्ट कर दिया। ठेले पर चाय बेचने वाला भी गूगल पेमेंट ले लेता है। पान खाने के बाद फटे–पुराने रुपये अथवा रेजगारी को लेकर झगड़ा करते थे, अब डिजिटल पेमेन्ट हो रहा है जिसमें न तो कोई नोट कटा–फटा है और न पुराना। इतना ही नहीं डिजिटलाइजेशन ने नकली नोटों के प्रचलन पर भी लगाम लगा दी है। अब मनी आर्डर नहीं भेजा जाता बल्कि बेटा मोबाइल से सीधे ही मनी अपने पिता जी अथवा परिजनों को भेज देता है। मोदी के डिजिटलाइजेशन ने भारत को एक ऐसा तकनीकी चेहरा दिया है जो विकसित देशों में सम्मानित हो रहा है।

पंचायत घरों का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराएं और सामुदायिक शौचालय क्रियाशील रखे जाएंःडीएम

हरदोई ।विकास भवन के स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने जिला पंचायती राज अधिकारी से ग्राम सचिवालय की क्रियाशीलता की स्थिति जानी। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन पंचायत घरों का निर्माण शीघ्र पूर्ण किया जाए। सभी सामुदायिक शौचालय क्रियाशील रखे जाएं। अवशेष पंचायतों में निर्माण शीघ्र पूर्ण कराया जाए। जमीन की अनुपलब्धता के मामले में उपजिलाधिकारी से समन्वय कर समाधान निकाला जाये। सभी सफाई कर्मियों की तैनाती ग्राम पंचायतों में की जाए। सभी ग्राम पंचायतों व विकास खण्डों में बायोमेट्रिक मशीन से अटेंडेंस की व्यवस्था की जाए। बिना बायोमेट्रिक अटेंडेंट किसी को वेतन जारी नही किया जाएगा। सभी प्रस्तावित व निर्माणाधीन अन्त्येष्टि स्थलों का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए। प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि अधूरे आवासों का निर्माण जल्द पूरा किया जाए। ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि विद्यालयों की नियमित समीक्षा की जाए और 19 मानकों के आधार पर विकास खण्ड वार सूची बनायी जाये। सभी विद्यालयों में दिव्यांग शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। शौचालयों का टायलीकरण का कार्य जल्द कराया जाए। विद्युत संयोजन का कार्य जल्द पूर्ण हो। इसके लिए विद्युत विभाग व शिक्षा विभाग की पृथक से समन्वय बैठक आहूत की जाए। शिक्षकों से शिष्टतापूर्वक व्यवहार किया जाए। भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी जायेगी। अवशेष जर्जर स्कूली भवनों के ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया जल्द पूर्ण हो। मनरेगा कार्यों की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप ही कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। जल जीवन मिशन की नियमित समीक्षा की जाए तथा कार्यों में तेजी लायी जाए। नई परियोजनाओं की डीपीआर को जल्द अंतिम रूप दिया जाए। समाज कल्याण अधिकारी से सामूहिक विवाह के लक्ष्य को विकास खण्डों व नगर निकायों से प्राप्त करने के निर्देश दिए। खण्ड विकास अधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर आवेदन प्रेषित करने के निर्देश दिए। किसी अपात्र का चयन न किया जाए। पेंशनरो के आधार प्रमाणीकरण के कार्य मे तेजी लायी जाए। उन्होंने प्रोबेशन अधिकारी से कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना की जानकारी ली। आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो। कोई भी डिफाल्टर केस लंबित न रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना, जिला विकास अधिकारी एपी सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार अन्य विभागीय अधिकारीगण, बीडीओ, एबीएसए व ईओ उपस्थित रहे।

सत्य,अहिंसा, समता समाज के संस्थापक अग्रसेन महाराजा का जन्मदिन अग्रवाल धर्मशाला में संपन्न

हरदोई ।हर साल आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के दिन महाराजा अग्रसेन जयंती मनाई जाती है। महाराजा अग्रसेन अग्रवाल समाज के पितामह और वैश्य समाज का संस्थापक कहे जाते हैं। इसके साथ ही इस दिन शारदीय नवरात्र का पहला दिन भी पड़ता है। अग्रसेन जयंती के शुभ अवसर पर अग्रवाल धर्मशाला में विराट यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें पुरोहित शिव शर्मा ने वैदिक उच्चारणों से यज्ञ सम्पन्न कराया। हरदोई अग्रवाल सभा के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि महाराजा अग्रसेन प्रतापनगर के सूर्यवंशी क्षत्रिय राजा वल्लभ के पुत्र थे। श्रीराम की 34वीं पीढ़ी में द्वापर के अंतिम काल और कलियुग के प्रारंभ में जन्मे थे। महाराजा अग्रसेन बचपन से ही प्रतापी और मेधावी थे। उन्होंने अपने पिता की आज्ञा मानकर नागराज कुमुट की कन्या माधावी से स्वयंवर किया था। ऐसे में देवराज इंद्र ने अपना अपमान समझा और महाराजा अग्रसेन से क्रोधित होकर उन्हें शाप दे दिया। जिसके कारण उनके राज्य में सूखा पड़ गया ।प्रजा को हर संकट से निकालने के लिए महाराजा अग्रसेन ने अपने आराध्य भगवान शिव जी उपासना की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर शिव जी से सुख–समृद्धि का वरदान दिया और उनके राज्य में खुशहाली लौटाई। इसके बाद महाराजा अग्रसेन से मां लक्ष्मी को प्रसन्न किया और उनसे समस्त सिद्धियां और धन वैभव प्राप्त करने का आशीर्वाद लिया और इसके साथ ही मां लक्ष्मी ने कहा कि तप को त्याग कर गृहस्थ जीवन का पालन करें और अपने वंश को आगे बढ़ाएं। तुम्हारा यही वंश कालांतर में तुम्हारे नाम से जाना जाएगा। महाराजा अग्रसेन ने राज्य के नागराज महिस्त कन्या सुंदरावती से दूसरा विवाह किया, जिससे उन्हें 18 पुत्रों की प्राप्ति हुई। इसके बाद उन्हें वैश्य समाज की स्थापना की। इस अवसर पर उमेश अग्रवाल गौरीशंकर अग्रवाल, अनिल जैन, कौशल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, विजय अग्रवाल, रजनीश अग्रवाल, गोपाल डिडवानिया, प्रकाश जिंदल, बालकृष्ण जिंदल, साधूराम अग्रवाल, चंद्रप्रकाश सिंघल आदि मौजूद रहे। विराट यज्ञ के उपरांत श्री खाटू श्याम मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें अचल अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, सोमेंद्र अग्रवाल, नवीन अग्रवाल रविन्द्र अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, मयंक अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

मदिरा की सम्भावित तस्करी एवं अवैध मदिरा के निर्माण के विरूद्व अभियाान चलाया जायेगाः एमपी सिंह

हरदोई ।जिलाधिकारी एमपी सिंह ने बताया है कि जनपद मे गैर प्रान्त से होने वाली मदिरा की सम्भावित तस्करी की रोकथाम तथा आबकारी दुकानों के आस–पास अवैध मदिरा के निर्माण पर अंकुश लगाये जाने हेतु प्रवर्तन अभियाान चलाया जायेगा, जिससे गैर प्रान्त से होने वाली तस्करी एवं अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री तथा तस्करी पर प्रभावी रोक लगायी जा सके। उन्होने बताया है कि इस सम्बन्ध में आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों का गठन किया गया है जिसमें टीम संख्या 01 में प्रशासन की ओर से नगर मजिस्ट्रेट, आबकारी से आबकारी निरीक्षक सदर एवं समस्त स्टाफ तथा पुलिस की ओर से क्षेत्राधिकारी सदरध्सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य होगे। इसी प्रकार टीम संख्या 02 में उपजिलाधिकारी सदरध्तहसीलदार, आबकारी से आबकारी निरीक्षक सदर एवं समस्त स्टाफ, टीम संख्या 03 में प्रशासन की ओर से उप जिलाधिकारी शाहाबादध्तहसीलदार शाहाबाद, आबकारी से आबकारी निरीक्षक शाहाबाद एवं समस्त स्टाफ तथा पुलिस से क्षेत्राधिकारी शाहाबादध्सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य होगे। टीम संख्या 04 में प्रशासन की ओर से उप जिलाधिकारी सण्डीलाध्तहसीलदार सण्डीला, आबकारी से आबकारी निरीक्षक सण्डीला एवं समस्त स्टाफ तथा पुलिस से क्षेत्राधिकारी सण्डीलाध्सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य होगे। टीम संख्या 05 में प्रशासन से उप जिलाधिकारी बिलग्रामध्तहसीलदार बिलग्राम, आबकारी से आबकारी निरीक्षक बिलग्राम एवं समस्त स्टाफ तथा पुलिस से क्षेत्राधिकारी बिलग्रामध्सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य है तथा टीम संख्या 06 में प्रशासन से उप जिलाधिकारी सवायजपुरध्तहसीलदार सवायजपुर, आबकारी से आबकारी निरीक्षक सवायजपुर एवं समस्त स्टाफ तथा पुलिस से क्षेत्राधिकारी सवायजपुरध्सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य होगे। उन्होंने कहा है कि देशी शराब व विदेशी मदिरा की दुकानों के विक्रेताओं द्वारा मदिरा की बोतलों पर लगे क्यूआर कोड व ढक्कन से छेड़छाड़ की जाती है। जिसकी सघनता से चेकिंग की जाये। मदिरा दुकानों के आस–पास के क्षेत्रो से खाली ढक्कन, नकली रैपर, नकली क्यूआरकोड आदि की बरामदगी व कतिपय व्यक्तियों द्वारा दुकानो से मदिरा क्रय करके उसमें मिलावटी शराब निर्मित कर असेवित क्षेत्रों में बिक्री किये जाने की घटनाये प्रकाश में आयी हैं। जिन पर रोक लगाई जाये ।मदिरा की तस्करी व अवैधधमिलावटी मदिरा की बिक्री को रोका जाये। अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त माफियाओंध्तस्करों के विरूद्ध आवश्यकतानुसार गैंगेस्टरध्गुण्डा एक्ट के अर्न्तगत कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। संदिग्ध वाहनों की सघनता एवं सूक्ष्मता से चेकिंग कराई जाये। ढाबों, जहाँ अल्कोहल के टैंकर प्रायः रूकते है, की भी सघन एवं आकस्मिक जांच करायी जाय। अवैध मदिरा के संदिग्ध स्थानोंध्अड्डो पर छापेमारी की कार्यवाही अवश्य की जाये। दुकानों के खुलने के नियत समय से पूर्व एवं पश्चात् दुकानो के अनुज्ञापियोंधविक्रेताओं द्वारा मदिरा, संलग्न कैन्टीनों से ओवर रेट पर स्वयं बेचे जाने अथवा कैन्टीन संचालको से विक्रय कराये जाने की शिकायते भी प्राप्त होती है। नियम विरूद्ध ढंग से मदिरा की इस प्रकार की बिक्री में कॅन्टीन संचालकों अथवा विक्रेताओं द्वारा अवैधधमिलावटी मदिरा की बिकी किये जाने की सम्भावना अधिक होती है। ऐसी स्थिति में निर्देशित किया जाता है कि समय से पूर्व एवं समय के पश्चात् कैन्टीन से वैध अथवा अवैध किसी प्रकार की मंदिरा की बिक्री कदापि न हो पाये। दुकानो पर मदिरा की बिक्री अनुमोदित विक्रेता के माध्यम से ही कराई जाये । देशीध विदेशी मदिराध्बीयर एवं माडल शाप की फुटकर बिक्री की दुकानो पर ओवर रेट के सम्बन्ध में रैण्डम टेस्ट परचेज स्वयं आबकारी एवं प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा कराई जाये। दुकानो पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरा के सुचारू रूप से निरन्तर क्रियाशील होने की स्थिति सुनिश्चित की जाये। अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री के कई प्रकरण बन्द पड़ी फैक्ट्रियों में पकड़े गये है, अतएव ऐसी बन्द पड़ी फैक्ट्रियों को चिन्हित कर उन पर सतत सतर्क दृष्टि रखी जाये।

अश्वपरेशन चक्रव्यूह के तहत एसपी राजेश द्विवेदी ने अपराधियों की धरपकड़ हेतु रचा चक्रव्यूह

हरदोई ।ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने फोर्स के साथ कोतवाली शहर क्षेत्र में पैदल गस्त कर संदिग्ध व्यक्तिध वाहनों की चेकिंग की। कोतवाली शहर क्षेत्र में भीड़भाड़ वाले संवेदीनशील स्थानों पर एसपी श्री द्विवेदी ने भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्तिध्वाहनों की चेकिंग कर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए ।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अनिल कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय व अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

कुल्लू मनाली हादसे में जिले के दो युवकों की मौत

जौनपुर। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में रात हुए हादसे में जौनपुर जिले के दो युवक की मौत हो गई। यह मनहूस खबर मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया है। नगर के नई कॉलोनी हुसेनाबाद के निवासी ब्रजेश गुप्ता का पुत्र सौरभ गुप्ता दिल्ली में एक निजी कम्पनी में कार्य करता था, वहीं से 5 दिन पूर्व अपने साथियों के साथ कुल्लू मनाली घूमने के लिए गया था, कल रात करीब साढ़े आठ बजे टूरिस्ट से भरी एक टेंपो ट्रैवलर खाई में जा गिरी, जिससे उसमें सवार सात लोगों की मौत हो गई जबकि 10 लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। इसमें सौरभ गुप्ता की मौत हो गई , सौरभ के पिता दवा के व्यापारी है माता शर्मिला रानी सिरकोनी ब्लाक के जगदीशपुर प्राथमिक स्कूल में टीचर है। दूसरा युवक नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के रसूलाबाद मोहल्ले के निवासी जितेंद्र गुप्ता एडवोकेट का पुत्र रिषभ है, वह भी दोस्तो के साथ घूमने के लिए गया हुआ था। यह अपने पिता का इकलौता पुत्र था। परिवार में कोहराम मचा है

पशुचिकित्सालय का चोरो ने तोड़ा ताला

जौनपुर। महराजगंज ब्लाक मुख्यालय परिसर मे स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय महराजगंज के स्टोर रूम का ताला बीती रात चोरो ने तोड़कर अंदर उत्पात मचाया स्टोर मे रखी पशुओ की दवाओ व अन्य उपयोगी सामाग्रियो को तो तितर बितर कर दिया । पशुचिकित्साधिकारी डाक्टर सचिन कुमार सिह का कहना है कि स्टोर रूम मे चोरो द्वारा कितना और क्या क्या नुकसान किया गया है इसकी सही जानकारी अवकाश पर रहे तैनात फार्मासिष्ट अखिलेश कुमार सिह ही बता पायेगे । बताते है कि चोरो का यह दूसरी बार का वाकया है इससे पहले पांच माह बीत गये अस्पताल का ताला तोड चोरो ने ब्लाक परिसर कालोनी मे अपना खौफ कायम किया था । बीती रात ब्लाक परिसर महराजगंज गेट बन्द रहने के वावजूद परिसर के अंदर घुसकर पशु अस्पताल का ताला तोड़ दवा को नुकसान पहुचाते हुए तितर बितर कर दिया । स्टोर रूम मे फार्मासिष्ट की टेबल की दराज खुली पायी गयी अस्पताल के सामने बीयर के तीन तीन खाली बोतले मौके पडी देखी गयी ।

शिक्षा ही सामाजिक विकास का मूल आधार

जौनपुर। साहू कल्याण समिति द्वारा आयोजित 27 वाँ प्रतिभा सम्मान समारोह नगर के साहू धर्मशाला सभागार में हुआ, जिसमें साहू समाज के प्रतिभाशाली हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के शिक्षार्थियों के साथ–साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपना सार्थक योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्त, मुख्य अतिथि आजाद भगत सिंह अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) आजमगढ़, डॉ0 रसिकेश पूर्व विभागाध्यक्ष एचआरडी, जीत लाल गुप्ता, भूमि संरक्षण अधिकारी मिर्जापुर, डॉ0 प्रतिभा गुप्ता , अयोध्या, पूर्व सीडीओ राधेश्याम गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष सतीश चंद्र गुप्ता तथा संस्था के पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि आजाद भगत सिंह ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के विकास के साथ–साथ सामाजिक विकास के लिए भी मुख्य सूत्र का कार्य करती है। मुख्य वक्ता डॉ0 रसिकेश ने कहा कि बच्चे एक मानवीय पूंजी है, जिनके विकास के लिए अभिभावकों को भी दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ प्रयास करना चाहिए। समारोह में इंटरमीडिएट की जनपद टॉपर सिद्धि साहू, हाई स्कूल के जनपद टॉपर आदित्य कुमार गुप्ता सहित सैकड़ों बच्चों को सम्मानित किया गया। संचालन अरविंद बैंकर एवं संस्थाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया तथा स्वागतध्यक्ष प्रशांत कुमार गुप्ता एडवोकेट ने आभार व्यक्त किया। महामंत्री संजय गुप्ता एडवोकेट, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष जगदीश साहू, प्रियंका गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

ऋण योजना में सख्ती से लक्ष्यों को पूर्ण कराये

जौनपुर । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में जनपद के वार्षिक ऋण योजना के किसी क्षेत्र में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एवं केनरा बैंक की प्रगति कम मिलने पर नाराजगी व्यक्त की और सुधार लाए जाने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी बैंक के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाने का सहयोग करें। सरकार के द्वारा लाभार्थियों की सही सूचनाएं समय से उपलब्ध कराया जाए। बैंठक में एलडीएम उमाशंकर ने अवगत कराया कि नाबार्ड द्वारा जिले में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अन्तर्गत ऋण की संभाव्यता के आधार पर जनपद के लिए ऋण योजना हेतु कुल 2588.88 करोड़ की संभाव्यता का अंकलन किया गया है जो गत वर्ष से 11.5 प्रतिशत अधिक है । एलडीएम को निर्देश दिया कि सख्ती से लक्ष्यों को पूर्ण कराये। पीएम किसान निधि का सत्यापन चल रहा है जिसकी सूचना लाभार्थियों को बैंक जल्द से जल्द उपलब्ध करा दे। ऋण अनुपात 32.15 प्रतिशत है जिसे 60 प्रतिशत किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिये गये। जिलाधिकारी ने एलडीएल को निर्देश दिया कि लोन अधिक से अधिक दिया जाएं। लीड बैंक की प्रगति कम होने पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि योजना बनाकर ऋण अनुपात बढ़ाये। जिलाधिकारी ने एलडीएम को निर्देशित किया कि यह बैठक अब प्रतिमाह की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर बैंक शाखाओं के साथ बैठक कर समीक्षा करें। सरकारी योजनाओं में अच्छी प्रगति लाये और अगली बैठक में जनप्रतिनिधियों को भी सम्मिलित किया जाए। जिलाधिकारी ने जनपद में सेवारत बैंक मित्र, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि आत्मनिर्भर योजना, बैंक अतिदेयों एवं वसूली के सम्बन्ध में भी समीक्षा की गयी और शत–प्रतिशत लक्ष्य प्रति का निर्देश दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बी0बी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा0 राजेश कुमार, सहित समस्त बैंक के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पैथोलॉजी सेंटर पर छापा, कराया बंद

जौनपुरं। मुंगराबादशाहपुर के प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र के ठीक सामने शक्ति पैथोलॉजी में अनाधिकृत रूप से प्रसव कराए जाने मामले को लेंकर एसडीएम ने छापेमारी कर बंद करा दिया है।साथ ही चेतावनी दी यदि अब दोबारा शिकायत मिली तो पूरी बिल्डिंग को सीज कर दिया जाएगा। पैथालॉजी सेंटर की आड़ मे प्रसव कराने और संचालक द्वारा जबरिया बीस हजार रूपये पीड़ित से वसूले जाने की शिकायत पर दोपहर मे एसडीएम राजेश चौरसिया पुलिस फोर्स के साथ शक्ति पैथालॉजी सेंटर पर छापा मारा ।छापा पड़ते ही कर्मचारी पीछे के रास्ते से फरार हो गये।एसडीएम व चिकित्सा प्रभारी राजेश कुमार पैथोलॉजी सेंटर में पहुंचकर संचालक विजेंद्र सिंह से सभी दस्तावेजों को मंगाया।एसडीएम मछलीशहर राजेश चौरसिया ने दस्तावेजों का अवलोकन किया तो जांच मे आयुर्वेद चिकित्सा प्रमाण पत्र पर अस्पताल चलाया जा रहा था।मरीजों को भर्ती करके इलाज कराये जाने के प्रमाण मिले। पैथोलॉजी सेंटर के बेसमेंट में ऑपरेशन थिएटर चल रहा था। मरीजों को भर्ती करने के लिए कई बेड मौजूद मिले।जिस पर उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया ने संचालक विजेन्द्र सिंह को जमकर डांट पिलाई और सख्त हिदायत देते हुए तत्काल पैथोलॉजी सेंटर बंद करने का आदेश दिया।

संयुक्त टीम को मुखबिर की सूचना पर गोतस्करों पर शिकंजा कसा तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की गोली एक गोतस्कर के दाहिने पैर में लगी। पुलिस ने घायल गो तस्कर हारून उर्फ पप्पी पुत्र तौव्वाब उर्फ तुआब कंकाली निवासी ग्राम अढनपुर थाना सरपतहां को हिरासत में लिया। इस बीच उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। घायल गो–तस्कर को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया।

मुठभेड़ में गो तस्कर को लगी गोली

जौनपुर ।शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अंरद गांव स्थित नहर के पास रात एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के बाद शातिर गोतस्कर को गिरफ्तार किया। जबकि उसके दो साथी फरार होने में सफल रहे। मुठभेड़ में गोतस्कर के दाहिने पैर में गोली लगी। उसके के कब्जे से पिकअप वाहन, चार गौवंश, तमंचा कारतूस आदि बरामद किया। अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय कुमार ने बताया कि थाना शाहगंज, खेतासराय और एसओजी की

राष्ट्र की ताकत विविधता कीं एकता में निहित

जौनपुर। राष्ट्र की ज्वलंत संस्कृतिया और परंपराएं हमारी सामूहिक विरासत हैं। वसुधैव कुटुंबकम की हमारी संस्कृति है। सारा संसार एक परिवार है, हमारे राष्ट्र ने हमेशा एक विश्व गुरु की भूमिका निभाई है। हमारे राष्ट्र की ताकत हमारी विविधता में एकता में निहित है। उक्त बातें मुख्य अतिथि एमएलसी विद्यासागर सोनकर ने जी जी आई सी इण्टर कॉलेज में विविधता में एकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा। राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि हमारी भाषा, संस्कृति, साहित्य और परंपराएं हमारे अस्तित्व की आत्मा हैं, और इस तरह के कार्यक्रम हमारे लोगों, विशेष रूप से हमारे युवाओं को हमारी समृद्ध सास्कृतिक विरासत और पारंपरिक जड़ों से जुड़ने का मौका देते हैं। अध्यक्षता करते हुये जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि भारत एक विविधतापूर्ण देश है इसके विभिन्न भागों में भौगोलिक अवस्थाओं, निवासियों और उनकी संस्कृतियों में काफी अन्तर है । जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, अमित श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानियां, संदीप पाण्डेय एवं विद्यालय की अध्यापक एवं बच्चियां की रही।

जल्द ही जिला मुख्यालय को मिलेगी रिंग रोड की सौगात

जौनपुर । जिला मुख्यालय की सड़कों के विकास की कार्ययोजना को नए सिरे से तैयार किया जा रहा है। अब जल्द ही पूरे मुख्यालय को रिंग रोड की सौगात मिल जाएगी और जनपद में रेलवे क्रासिंग की वजह से लगने वाले जाम से निजात मिल जायेगी, जिसकी कार्ययोजना को अंतिम रूप जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में दिया गया। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी के निजी सचिव दीपक पाठक, मुख्य अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग आलोक कुमार पांडेय, अपर जिलाधिकारी (भू–राजस्व) रजनीश राय की उपस्थिति में एक उच्चस्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग 135 जौनपुर अयोध्या मार्ग में जौनपुर–खेतासराय –शाहगंज में बाईपास बनाने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य रूप से जौनपुर नगर को भारी वाहनों के आवागमन से मुक्त करने की कार्ययोजना तैयार की गई। प्रस्तावित रिंग रोड वाराणसी –लखनऊ हाइवे के हौज सिरकोनी से निकलकर धर्मापुर के पास केराकत मार्ग में मिलेगा। इसी रोड को विस्तारित करते हुए आजमगढ़ मार्ग में केशवपुर रेलवे क्रासिंग के आगे मिला दिया जाएगा।

आजमगढ़ मार्ग से संपर्क के बाद रिंग रोड को शाहगंज मार्ग में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पास मिला दिया जाएगा। इसी क्रम में पूर्व में प्रस्तावित जौनपुर अयोध्या मार्ग को विस्तारित करते हुए जौनपुर नगर के पश्चिमी इलाको को जोड़ते हुए यह मार्ग लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रयागराज जाने वाले मार्ग में मिला कर सम्पूर्ण जौनपुर नगर को चौतरफा बाहर से सड़क से आच्छादित किये जाने की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है।

खेतासराय कस्बा और शाहगंज कस्बा के लिए भी बाईपास बनाये जाने के सम्बन्ध में चर्चा हुई, दोनो कस्बों के बाईपास बनाते हुए आगे शाहगंज–सुल्तानपुर रोड से जोडा जायेगा, जिसे आगे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से मिला दिया जायेगा, जिसकी वजह से इन कस्बों में लगने वाले जाम से निजात मिल जायेगा।उपरोक्त रोड के बन जाने से बाहरी जनपद से दूसरे जनपद में जाने वाले भारी और हल्के वाहन नगर सीमा के बाहर से गंतव्य तक जा सकेंगे।

ग्राम सचिवालय का किया भूमि पूजन

जौनपुर। बरसठी क्षेत्र के पठखौली सम्पति पाठक गांव में राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी 23 लाख की लागत से ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवालय भवन और कम्प्यूटर कक्ष भवन का भूमि पूजन कर सरकार की उपलब्धि गिनाई।सांसद ने केंद्र की सरकार की उपलब्धता गिनाते हुये कहा कि सरकार ग्राम पंचायत के लोगों को ब्लॉक कार्यालय न जाकर सारी सेवाएं ग्राम पंचायत में मिले इसके लिए हर पंचायत में सचिवालय भवन बनवा रही है और गरीबो तक सभी योजना पहुच रही है। खण्ड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने कहा सचिवालय और कम्प्यूटर भवन गांव में 23.23 लाख की लागत से बनेगा और ग्राम पंचायत इसे जल्द बनाएगी। ग्राम प्रधान सुधा देवी, दिनेश तिवारी, रामशिरोमणि तिवारी, , मेहीलाल गौतम रहे।

पटरी पर गिरा और तोड़ दिया दम

जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के आजमगढ़ केराकत तिराहा स्थित केशवपुर गांव के पास जौनपुर की तरफ से पैदल आ रहा एक व्यक्ति सड़क के बगल पटरी पर गिर गया और फिर वह नहीं उठ सका। आस पास के मौजूद लोगों ने जाकर देखा तो हाथ पैर हिला रहा था 15 से 20 मिनट बाद उसने दम तोड़ दिया । यह सूचना थाने पर दी गई । सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस बुलवाकर जिला अस्पताल भेज दिया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तमाम लोगों द्वारा देखा गया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई । मृतक सफेद धारीदार शर्ट व हाफ पेंट काली पहना हुआ था देखने मे वह मजदूर लग रहा था पैरों में सीमेंट भी लगा हुआ था।

सामूहिक विवाह शर्म नहीं स्वाभिमान

जौनपुर। सामूहिक विवाह शर्म नहीं स्वाभिमान है। इसी ध्येय के साथ जेब्रा फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा अष्टम् सर्वधर्म सामूहिक विवाह का आयोजन आगामी 18 दिसम्बर को जिला मुख्यालय पर स्थित मोहम्मद हसन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मैदान में सम्पन्न होना सुनिश्चित है। संस्था अध्यक्ष संजय कुमार सेठ ने बताया है कि सर्वधर्म सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले इच्छुक जोड़ों का पंजीकरण प्रारम्भ हो गया है। इस वैवाहिक समारोह में सभी धर्मों की विभिन्न जातियों के लोगों की शादी उनके अपने – अपने रीति रिवाजों से एक ही मंडप में पूर्णतः गरिमापूर्ण परिवेश एवं पूर्वांचल के विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य एवं सम्भ्रांत जनों की उपस्थिति में सम्पन्न होगी।

सभासद पर धारदार हथियार से हमला

सलेमपुर। स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय में एक सभासद पर हमला कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभासद से घटना के बारे में जानकारी ली। आरोप है कि वार्ड की समस्या को लेकर सभासद नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे थे, इसी बीच कुछ अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। वहीं अध्यक्ष ने सभासद पर उनकी गैर मौजूदगी में कार्यालय में तोड़फोड़ का आरोप लगाया है। नगर के वार्ड नंबर तीन सुगही के संजीव कुमार वर्मा पुत्र मोतीलाल वर्मा सभासद हैं। आरोप है कि उनके वार्ड में कोई निर्माण कार्य और सफाई व्यवस्था नहीं की जा रही है। जिसे लेकर उन्होंने चेयरमैन से बात की। चेयरमैन ने उन्हें 9.30 बजे नगर पंचायत कार्यालय में बुलाया था। आरोप है कि सभासद चेयरमैन के बुलाने के अनुसार नगर पंचायत कार्यालय में अकेले पहुंचे। अभी वह कार्यालय में प्रवेश कर रहे थे कि चार–पांच अज्ञात लोगों ने सभासद पर वहां रखी कुर्सियों से हमला कर दिया। हमलावरों में से एक ने सभासद के सिर पर धारदार हथियार से प्रहार कर दिया। इसके बाद सभासद लहूलुहान हो गए और अचेत होकर फर्श पर गिर पड़े। जब होश आया, तब तक मनबढ़ वहां से भाग निकले थे। जानकारी होते ही अन्य सभासद हंगामा करने लगे। ड्यूटी पर पहुंचे कर्मचारियों को अंदर नहीं घुसने दिया। सभासद की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस व डायल 112 नंबर पुलिस ने घटना की विस्तार से जानकारी ली। कार्रवाई के आश्वासन के बाद सभासदों का हंगामा शांत हुआ। उसके बाद कर्मचारियों को अंदर जाने दिया गया। पुलिस ने सभासद का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया। सभासद ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल कपिलदेव चौधरी ने बताया कि घायल सभासद का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया है। तहरीर मिली है। घटना की जानकारी की जा रही है। वहीं चेयरमैन जेपी मद्धेशिया ने कहा कि नवरात्र का पहला दिन होने के कारण मैं सफाई व पूजा पाठ में व्यस्त था। उसके बाद मैं देवरिया वकील से मिलने आ गया। सूचना मिली है कि सभासद संजीव कुमार वर्मा नगर पंचायत कार्यालय आकर तोड़ फोड़ किए हैं। कुर्सियां तोड़कर उत्पात मचाए हैं। उनका आरोप गलत है, मैं था नहीं तो मेरे आदमी कहां से आ गए।

अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर.

भाटपाररानी। नगर में केन यूनियन से लेकर बीआरडी इंटर कॉलेज गेट के समीप नगर पंचायत की सीमा तक पटरी पर वर्षों से हुए अतिक्रमण पर नगर प्रशासन का बुलडोजर पूरे दिन चलता रहा। भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध सभी 17 दुकानों को ढहाकर नगर प्रशासन ने पिलर गाड़ कर बाड़ लगा दिया, ताकि पुनरू अतिक्रमण न हो सके। भाटपाररानी में केन यूनियन से लेकर बीआरडी गेट के समीप तक पटरी पर बरसों से कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर कई दुकानें स्थापित कर दी गई थीं। पूर्व सूचना के आधार पर दिन के 11 बजे से भाटपाररानी, बनकटा और भटनी थाने की पुलिस बल और एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय की देखरेख में जेसीबी से अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू हुआ। सबसे पहले भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल द्वारा अतिक्रमण पर बुलडोजर चलवाया गया। उसके बाद परशुराम जायसवाल, संजय, चांद मोहम्मद, मुमताज, करामत अंसारी, अजय, दिनेश चौरसिया, जान मोहम्मद, शहाबुद्दीन, राजेश यादव, कैलाश यादव आदि की दुकानों तथा मछली हट्टा व मांस विक्रेताओं सहित 17 दुकानों से अतिक्रमण को हटवाया गया। अधिकतर लोगों ने पहले से ही अपने सामान आदि हटा लिए थे। यह क्रम पूरे दिन चलता रहा। इस दौरान नायब तहसीलदार करण सिंह, ईओ प्रमोद गुप्ता, लाला सिंह, पवन, अजय आर्य सहित नगर पंचायत कर्मी, लेखपाल, कानूनगो आदि मौजूद थे। उप जिलाधिकारी भाटपाररानी संजीव कुमार उपाध्याय ने बताया कि पटरी पर कुल 17 दुकानें अवैध रूप से थीं, जिसे धराशायी कर दिया गया है।

अतिक्रमण हटवाने गए प्रधान के साथ ग्रामीणों ने किया दुर्व्यवहार

पडरी बाजार। भटनी विकास खंड के सिसई ग्राम सभा में अवैध कब्जा हटाए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के साथ दुर्व्यवहार किया। कोर्ट के आदेश पर खलिहान एवं पोखरी की भूमि से नायब तहसीलदार भागीरथी सिंह की देखरेख में अवैध कब्जा हटवाया जा रहा था, जिसे लेकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए तथा राजस्व टीम के साथ नोकझोक करने लगे। राजस्व टीम के जाने के बाद कुछ ग्रामीण ग्राम प्रधान के घर पहुंचकर दुर्व्यवहार करने लगे तथा मारने की धमकी देने लगे, जिसकी सूचना प्रधान ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को वहां से हटाया। ग्राम प्रधान रामदयाल गोंड ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

शारदीय नवरात्रि के पहले दिन शक्तिपीठों में गूंजा जयघोष

देवरिया। शारदीय नवरात्र के पहले दिन पूरे भक्ति भाव से जिले के प्रसिद्ध शक्तिपीठों पर देवी दुर्गा की आराधना शुरू हुई। शहर के देवरही मंदिर, अहिल्यापुर के अहिलवार मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में नारियल व चुनरी चढ़ाने वाले साधकों की भीड़ रही। घरों में विधि–विधान से नौ दिन उपवास रखने वाले साधकों ने कलश स्थापित की। राघवनगर स्थित दुर्गा मंदिर, देवरही मंदिर, अहिलवार मंदिर, अगस्तपार, राघव नगर, लाहिलपार, पटनवा पुल सहित अन्य प्रसिद्ध शक्तिपीठों पर सुबह में ही स्नान ध्यान कर श्रद्धालुओं ने दर्शन व पूजन किया। मंदिरों के बाहर करीने से सजी दुकानें आने वालों का ध्यान अपनी ओर खींच रही थीं। देवरही मंदिर में दर्शनार्थियों को आराधना करने में दिक्कत न आए, इसके लिए मंदिर समिति के लोग भी सहायता में लगे रहे। लोगों ने धूप, अगरबत्ती, दीया जलाकर व नारियल व चुनरी चढ़ाकर देवी का आह्वान किया। उधर नौ दिन व्रत रहने वाले साधकों के घरों में भोर में ही सफाई शुरू हो गई। इसके बाद विधि–विधान पूर्वक आचार्यों की देखरेख में कलश स्थापित किया गया, जो साधक नौ दिन व्रत नहीं रहे, वह ही पहले दिन ही व्रत रहे। शहर के बालाजी मंदिर में स्वामी राजनारायणाचार्य की देखरेख में नवरात्रि का अनुष्ठान शुरू हुआ, जो महानवमी तक चलेगा। पूजा पंडालों में भी कलश विधि–विधान से स्थापित किया गया। साथ ही पंडालों के सजावट एवं मंच बनाने का कार्य भी चलता रहा।

चोरी की पांच बाइक के साथ दो गिरफ्तार

सोनौली। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रजिया घाट के पास मुखबिर की सूचना पर सोनौली पुलिस ने चोरी की पांच मोटरसाइकिल के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी रजिया घाट के रास्ते चोरी की बाइक नेपाल भेजने वाले थे। कोतवाल महेंद्र कुमार यादव ने बताया कि अब्दुल सलामत निवासी मर्यादपुर नेपाल और मुनीब सहानि निवासी दुर्गापुर थाना नौतनवां को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से चोरी की पांच बाइक बरामद हुई हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि भारत के महानगरों से वाहन चुराकर नेपाल में बेचते थे। बाइक कहा से चोरी की गई है, यह पता नहीं चल सका है। मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया।

भारतीय पर्यटकों के साथ नेपाल में दुर्व्यवहार का आरोप

भैरहवां (नेपाल)। विश्व पर्यटन दिवस 27 सितंबर को भारत सहित अन्य देशों के पर्यटकों के स्वागत का नेपाल पर्यटन मंत्रालय की कथनी करनी में अंतर है। आरोप है कि नेपाल जाने वाले भारतीयों का शोषण होता है। 21 सितंबर को नेपाल गए उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ व मऊ जिले के पर्यटकों ने वापस आकर सोनौली सीमा पर अपने दर्द को बयां किया। पर्यटक पवन कुमार, पंकज, रत्नेश व सोनू का कहना कि अपने साथियों के साथ पोखरा व काठमांडू की यात्रा पर अपनी कार से गए थे। नेपाल प्रवेश करते ही सोनौली सीमा के बेलहिया कस्टम से ही भेदभाव शुरू हो जाता है। रास्ते में जितने भी पुलिस जांच सेंटर मिले, हर जगह निजी वाहन की जांच में तमाम कमियां दिखा कर धन वसूला जाता है। नेपाल में घूमकर लौटे पर्यटकों ने बताया कि उनसे जांच के नाम पर करीब 20 हजार रुपये बेवजह वसूले गए। पर्यटकों से दुर्व्यवहार के मामले में डीएसपी तर्क राज पांडेय (काठमांडों) का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अघोषित बिजली कटौती से बढ़ी परेशानी

अड्डा बाजार। क्षेत्र के बरवाकला फीडर के उपभोक्ता अघोषित बिजली कटौती से परेशान हैं। क्षेत्र में बिजली आने एवं जाने का निर्धारित शेड्यूल नहीं है। गजरहा के श्याम नरायन, बनवाटारी के नसीम, इशरार, व्यासमुनि मिश्र, गजरही के रमेश गुप्ता, विजय गुप्ता, बरवाखुर्द के विक्रम सिंह, चडलहा के सुनील सिंह ने बताया कि बरवा कला फीडर से बहुत अधिक बिजली कटौती होती है जिससे भैसहिया पाठक, बैजनाथपुर उर्फ चरका, गजरहा, गजरही, बरवाखुर्द, पिपरहिया, परसौनी कला, पडरहवा, बनवाटारी, मुडेहरा, चमैनिया उर्फ भेडही, नरकटहा, चडलहा, चौतरवा, बरवाकला, महुअवा के लोग प्रभावित होते हैं। हर आधा घंटे पर बिजली कट जाती है। अवर अभियंता पीएन कश्यप ने कहा कि समस्या का समाधान करने की कोशिश की जा रही है।

प्रशासन बेबस, ठप है आवागमन

रुद्रपुर, एकौना। पिड़रा पक्के पुल का एप्रोच कटने से बंद रास्ते पर आवागमन भी ठप रहा। 24 घंटे में आवागमन बहाल करने का दावा कर रहा प्रशासन दूसरे दिन भी बेबस नजर आया। करीब आधा से अधिक सड़क और एप्रोच कटकर नदी में समा जाने से रास्ता बनाने में प्रशासन को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। बचाव कार्य की धीमी रफ्तार को देखकर आवागमन चालू होने में समय लग सकता है। मार्ग बाधित होने से दोआबा के 52 गांवों सहित गोरखपुर जनपद के सीमावर्ती गांवों से होकर तहसील और जिला मुख्यालय जाने वाले यात्रियों को दुरूह मार्ग से होकर यात्रा करनी पड़ रही है। मार्ग बदलने से राहगीर संकरे बांध से होकर नरायनपुर जा रहे हैं। इस मार्ग पर चार पहिया वाहन जोखिम उठाकर चल रहे हैं। पिड़रा पुल के उत्तरी छोर पर एप्रोच और सड़क को काट चुकी गोर्रा नदी अब दक्षिणी छोर पर ठोकर मार रही है। पुल के दक्षिणी छोर के एप्रोच का बोल्डर पिचिंग दरकने लगा है।

क्या कहते हैं ग्रामीण

डब्लू सिंह ने कहा कि पिड़रा से रुद्रपुर होकर देवरिया जाने वाला मुख्य मार्ग बंद हो जाने से लोगों को जान जोखिम में डालकर यात्रा करनी पड़ रही है। डायवर्जन होने से बंधे के रास्ते होकर नरायनपुर जाना पड़ रहा है। बंधे की चौड़ाई कम होने से गाड़ियों के करीब 30 फीट नीचे गिरने का खतरा बना हुआ है।

चंद्रप्रकाश सिंह ने कहा कि पिड़रा पुल पर बचाव कार्य धीमी गति से चल रहा है। कटान इतना भयंकर है कि उसे पाटने में काफी समय लगेगा। पीडब्ल्यूडी दो चार ट्रॉली लगाकर मिट्टी भरवा रहा है। ऐसे तो एक माह में भी आवागमन बहाल नहीं हो पाएगा।

बबलू ने कहा कि संवेदनशील स्थानों पर ध्यान नहीं देने से सरकारी धन का नुकसान हो रहा है। पिड़रा पुल का एप्रोच पहले से क्षतिग्रस्त था। समय रहते मरम्मत नहीं होने से पक्की सड़क भी कट गई।

अलाउद्दीन अली ने कहा कि पुल का एप्रोच धंस जाने से दोआबा की दो लाख की आबादी दो नदियों के बीच कैद हो गई है। बचाव कार्य सुस्त है। कटान को पाटने के लिए हजारों ट्रॉली मिट्टी की जरूरत है। दो चार ट्रॉली मिट्टी गिराने से कुछ नही होगा।

त्योहारों में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखें अधिशासी अभियंता

महराजगंज। शारदीय नवरात्रि के प्रारंभ होने के साथ ही जिले में पर्व की शुरुआत हो चुकी है। ऐसे में उसे बेहतर ढंग से संपन्न कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस समय विद्युत व्यवस्था ठीक नहीं चल रही है। अधिशासी अभियंता विद्युत आपूर्ति ठीक कराते हुए व्यवस्था को दुरुस्त रखें। रात में बिल्कुल इस दिशा में कोई परेशानी न हो। ये बातें जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने .कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित शांति सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी व ग्रामीण क्षेत्रों में सहायक विकास अधिकारी पंचायत दुर्गा पंडाल स्थल एवं रास्ते में हुए जलभराव संबंधी स्थलों पर सफाई व्यवस्था सही करा लें जिससे आने–जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न उठानी पड़े। सुरक्षा व पार्किंग की व्यवस्था की जाए। दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने वाली समितियों की ओर से सदस्यों को टोपी या पहचानपत्र जारी किया जाए जिससे कि उनकी पहचान हो सके। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि इस बार सार्वजनिक स्थलों पर पंडाल नहीं लगेंगे और न ही कोई नई परंपरा डाली जाएगी। डीजे पर अश्लील गाने नहीं बजेंगे। सभी थानाध्यक्ष विसर्जन वाले रास्ते को देख लें तथा विसर्जन स्थलों पर पुलिस की पिकेट भी लगाई जाए। संचालन शमशुल हुदा खां ने किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णगोपाल जायसवाल, मोहम्मद मोईनुद्दीन, हरिकेश सिंह, काशीनाथ सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

कांग्रेस में अभी लोकतंत्र बचा है, यह भाजपा नही है कि गर्दन मरोड़कर लाद दिया जाय : प्रमोद तिवारी

विन्ध्याचल, मीरजापुर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि कांग्रेस में अभी लोकतंत्र बचा हुआ है, सभी को अपनी बात रखने की पूरी आजादी है। यह भाजपा नही है कि गर्दन मरोड़कर लाद दिया जाय। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए केंद्र और पदेश सरकार को आड़े हाथों लिया कहां यह सरकार पूंजीपतियों की सरकार है, जिसका महंगाई पर नियंत्रण नहीं है। यह गरीबों की नहीं पूंजी पतियों की झोली भरने में जुटी हुई है। कांग्रेस के दिग्गज नेता प्रमोद तिवारी ने शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन मां विंध्यवासिनी के चरणों में मत्था टेक दर्शन पूजन किया है।

दर्शन पूजन के पश्चात उन्होंने मां विंध्यवासिनी के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए कहा कि वह 30 वर्षों से लगातार मां विन्ध्यवासिनी के चरणों में शीश झुकाते आ रहे हैं। हर बार लगभग इसी समय दर्शन करने का सौभाग्य मां की कृपा से प्राप्त होती रही है। कांग्रेस के कद्दावर नेता प्रमोद तिवारी ने मां विन्ध्यवासिनी के दर्शनोपरांत उपस्थित पत्रकारों से बात करते हुए राजस्थान के वर्तमान मुद्दे पर पत्रकारों के सवालों का जबाब देते हुए उन्होंने कहा कि नवरात्र के दौरान ही इसका हल निकल जायेगा। कांग्रेस में अभी लोकतंत्र बचा हुआ है, सभी को अपनी बात रखने की पूरी आजादी है। यह भाजपा नही है कि गर्दन मरोड़कर लाद दिया जाय। पार्टी में विचार विमर्श हो रहा है, सभी की बातों को सुनकर शीर्ष नेतृत्व निर्णय लेगा। सुखद समाचार शीघ्र मिलेगा। इस दौरान राजन पाठक सहित दर्जनों कांग्रेसी नेता मौजूद रहे। दर्शन–पूजन का कार्य राज मिश्र ने सम्पन्न कराया।

पुरातन छात्र भवन भूमिपूजन के साथ ग्रीन गुरु ने किया पौध रोपण

मीरजापुर। शारदीय नवरात्रारम्भ के अवसर पर लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स,शान्ति निकेतन इण्टर कॉलेज पचोखरा के खेल मैदान के गेट के पास पुरातन छात्र परिषद ट्रस्ट, शान्ति निकेतन इण्टर कॉलेज संस्थापक व व्यवस्थापक, पुरातन छात्र, अनिल कुमार सिंह ग्रीन गुरु के पहल पर पुरातन छात्र भवन का भूमि पूजन विद्यालय के प्रबन्धक व पुरातन छात्र समरजीत सिंह व उपाध्यक्ष, नील रतन सिंह द्वारा फूल अर्पण, अगरबत्ती प्रज्वलन व नारियल फोड़ने के पश्चात फावड़ा चलाकर करने के साथ गुड़हल के पौध का रोपण किया गया। पुरातन छात्र भवन के भूमि पूजन के अवसर पर विद्यालय के पुरातन छात्र व शिक्षक विमल कुमार सिंह व उमेश सिंह विद्यालय के शिक्षकगण गुप्तेश सिंह,घन श्याम, आदित्य जायसवाल, योगेश चन्द्र त्रिपाठी, सौरभ श्रीवास्तव, राम अनुज, सूर्य प्रताप पटेल तथा राम नयन सिंह, विशाल कुमार सिंह, भूतपूर्व छात्र गण, दीप नारायन सिंह, विजय सोनकर व वर्तमान छात्र, छात्राएं एवं खिलाड़ी गण मौजूद रहे। साथ ही खेल क्रान्ति एवं पर्यावरण शुद्धिकरण फाउंडेशन द्वारा संचालित पर्यावरण शुद्धिकरण अभियान के संस्थापक, सचिव अनिल कुमार सिंह ग्रीन गुरु द्वारा 1 जुलाई 2015 से अनवरत प्रतिदिन किये जा रहे पौध रोपण के 2646 वें दिन के क्रम में शारदीय नवरात्रारम्भ के अवसर पर देवी मां को समर्पित देवी या गुड़हल के पौधा का रोपण खेल मैदान के किनारे किया गया।

मैनपुर कोटेश्वरी देवी मंदिर में लगा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

कसया कुशीनगर । जिले के देवी शक्ति पीठ स्थलों में मैनपुर कोट देवी मंदिर श्रद्धालुओं के लिए भक्ति और आस्था का केंद्र है। यहां मां के दर्शन के लिए दूर–दूर से श्रद्धालु आते हैं। मान्यता है कि श्रद्धा और भक्ति से मां की आराधना करने वाले भक्तों की झोली मां पुत्ररत्न व सुख–समृद्धि से भर देती हैं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की हर मुराद पूरी होती है। मैनपुर कोट देवी स्थल पर पहुंचने के लिए कई मार्ग हैं, लेकिन उनमें कुछ सुगम भी हैं। मां का पवित्र मंदिर मैनपुर कोट कुशीनगर महापरिनिर्वाण मंदिर कुशीनगर से सिर्फ 10 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग–28 स्थित प्रेमवलिया से जाने वाले रास्ते पर बाड़ी नदी के किनारे है। यह स्थल आध्यात्मिक और पौराणिक रूप से महत्वपूर्ण है।माँ के मंदिर के पुजारी मौनी बाबा ने बताया कि श्रीलंका के बौद्धग्रंथ दीपवंश में भी इस मंदिर का उल्लेख किया गया है। इनके अनुसार मैनपुर में कुशीनगर के मल्लों की राजधानी थी। देवी मल्ल राजाओं की उद्धारक थीं। पुजारी ने बताया कि यह मंदिर देवारण्य क्षेत्र में आता था। यहां पांडवों ने अज्ञातवास के दौरान मंदिर के आस–पास स्थित बेंत की झाड़ी व जंगल में समय गुजारकर देवी की पूजा की थी। 20वीं शताब्दी में बंजारे अपनी कुल देवी मानकर पूजन–अर्चन करते थे। कोट स्थान योग–साधना स्थल के रूप में प्रसिद्ध ख्याति प्राप्त था। पुजारी ने बताया कि पूर्व में मंदिर पर मां की पूजा–अर्चना करने वाले जीवनदास बाबा अपने योग–साधना के बल पर पेट के सभी अंगों को बाहर कर उसे स्वच्छ कर फिर समेट लेते थे।

वार्ड का नाम शहीद हेमराज रखने की मांग, सौंपा ज्ञापन

महराजगंज। नव सृजित नगर पंचायत परतावल के लोगों ने .जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों ने कहा कि वार्ड नंबर दस का नाम शहीद हेमराज रखा जाए। इस नाम को बदलने से लोगों में आक्रोश है। लोगों ने कहा कि वार्ड का नाम हेमराज नहीं रखा गया तो आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि प्रदेश सरकार ने परतावल को नगर पंचायत बनाया है। उसकी सीमा को 14 वार्डों में बांटा है। इसमें छातीराम को भी सम्मिलित किया गया है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे हेमराज के नाम से वार्ड संख्या–10 का नाम रखा गया। इस बात से शहीद हेमराज के परिजन और वार्ड के लोग खुश थे। हेमराज के पौत्र अरविंद कुमार ने बताया कि मेरे बाबा हेमराज स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। पराधीनता के समय ब्रिटिश हुकूमत ने उन्हें काला पानी की सजा सुनाई थी। एक वर्ष तक उनको जेल में भी रखा। आजादी के बाद उन्हें सरकार ने सम्मानित किया। सरकार ने दादी जेहरा देवी को आजीवन पेंशन भी दी। परतावल को जब नगर पंचायत बनाया गया और वार्ड नंबर 10 का नाम शहीद हेमराज रखा गया तो हमारे परिजनों को बहुत खुशी हुई। लेकिन कुछ लोगों ने द्वेषवश वार्ड नंबर–10 का शहीद हेमराज नगर नाम बदल दिया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य काशीनाथ सिंह, राजनारायण, सामाजिक कार्यकर्ता रवींद्र जैन, कमलेश सिंह, जितेंद्र यादव, राजेंद्र, रवींद्र कुमार, किशन कुमार, धर्मेंद्र, अनुज, श्यामसुंदर, अच्छेलाल, काशी, रामहरख, मनीष आदि मौजूद रहे।

विंध्याचल पहाड़ पर स्थित देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़

मीरजापुर। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन मां विंध्यवासिनी देवी धाम सहित पहाड़ पर स्थित मां अष्टभुजी देवी का कालीखो इत्यादि मंदिरों में भी लाखों भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई थी। जहां सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों के दर्शन पूजन के लिए कतार लगी रही है काफी संख्या में भक्त रोपवे के जरिए मां का दीदार करने के लिए पहाड़ की यात्रा करते देखे गए। बदला हुआ दिख रहा है विंध्य धाम का स्वरूप मां विंध्यवासिनी देवी धाम में दर्शन पूजन के लिए आने वाले भक्तों के लिए इस बार का नजारा कुछ और भी दिखलाई दे रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष काफी कुछ बदलाव जहां नजर आ रहा है वही तंग गलियों की बजाय अब लोगों को शुगम आवागमन की सुविधा मुहैया होने के साथ–साथ तमाम प्रकार की सुविधाएं भी नजर आने लगी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वपूर्ण विंध्य कारिडोर परियोजना के तहत यहां निर्माण कार्य जहां जोर शोर से चल रहा है वही भक्तों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना होने पाए इसके लिए खुद अधिकारी बराबर मेला क्षेत्र में विचरण करते हुए नजर आ रहे हैं लोगों को विंध्य धाम का आकर्षक रौनक न केवल खूब भा रहा है, बल्कि लोगों द्वारा इसकी सराहना भी की जा रही है आम दर्शनार्थी की भांति नगर विधायक ने किया दर्शन पूजा विंध्याचल देवी धाम के तीर्थ पुरोहित एवं नगर विधानसभा से भाजपा विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र ने भी व्यवस्था संचालन के साथ ही मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन आम भक्तों की तरह कतार में होकर किया है। इस दौरान उन्होंने देश के कोने कोने से आने वाले भक्त जनों का कुशल क्षेम भी जाना तथा मां विंध्यवासिनी दरबार में सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की है।

जोरदार बारिश भी नहीं डिगा पाई भक्तों की आस्था

हलिया, मीरजापुर। कोरोना काल के समाप्ति के बाद शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन में भक्तों का जनसैलाब गड़बड़ा धाम माता शीतला के दर्शन पूजन के लिए उमड़ पड़ा। प्रथम दिन महिला पुरुषों की लम्बी कतारें लग गई। माता रानी के जोरदार जैकारों के साथ भक्तों की पंक्ति पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के साथ दर्शन पूजन करने के लिए आगे बढती नजर आती रही।महिलाओं के दर्शन करने की अलग कतारें थी जो कि पश्चिमी द्वार से प्रवेश करती थी।जबकि पुरूष भक्तों को मुख्य द्वार से जाने की व्यवस्था की गई है। भक्तों की सुविधा सुरक्षा के लिहाज से हर कदम कदम पर महिला पुरुष आरक्षीबल तैनात होकर भक्तों को पंक्ति बध्द दर्शन पूजन करा रहे, साथ ही चोर उच्चको पर भी पैनी निगाह गुप्त पुलिस बल से निगरानी की जारी रही। क्षेत्राधिकारी लालगंज परमानंद कुशवाहा के प्रातःकाल सात बजे आ धमके। मेला क्षेत्र का चतुर्दिक भ्रमण कर मुस्तैद पुलिस बल की निगरानी करते हुए मंदिर के गर्भ गृह में जाकर भक्तों के दर्शन पूजन की जानकारी भक्तों से बात कर ली।साथ ही सीसीटीवी फुटेज कैमरे की भी व्यवस्था को देखा।शरारती अराजक तत्वों पर सख्ती के साथ निगरानी रखने का निर्देश थानाप्रभारी हलिया को दिए। भक्तों के कड़ी में पड़ोसी जनपद प्रयागराज, मध्यप्रदेश हनुमना सहित वाराणसी, भदोही तक के भक्तों का आगमन मीडिया वार्ता में भक्तों ने बताया। मेला क्षेत्र के हर चप्पे चप्पे नाका पर पुलिस बल मुस्तैद मिला।भक्तों द्वारा श्रद्धा भक्ति के साथ दर्शन पूजन शान्ति पूर्वक चलता रहा तथा अपनी मन्नत मुण्डन आदि करते हुए पाये गये। दूकानों पर माला प्रसाद के साथ घरेलू आवश्यक सामान खरीद करते देखे गए।

विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल के जन्मदिवस पर दी श्रद्धाजंलि

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। एकल विद्यालय अभियान व विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल की जयंती पर भगवतीगंज एकल विद्यालय अभियान कार्यालय पर प्रमोद चौधरी के अध्यक्षता में जयंती मनाई गई इस मौके पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी जिलाध्यक्ष एकल विद्यालय युवा समिति बलरामपुर ने कहा कि एकल अभियान के प्रणेता स्वर्गीय अशोक सिंघल ने ही कहा था 100000 गांव में एकल विद्यालय होना चाहिए और आने वाले समय में यह ब्रह्मास्त्र साबित होगा जो प्रतीत होता दिख रहा है आज 107000 गांव में एकल विद्यालय कार्यरत है अशोक सिंघल जी का जन्म 27 सितंबर 1926 को हुआ था और उन्होंने संपूर्ण जीवन में संघ की कार्य पद्धति को अपनाते हुए संपूर्ण देश में हिंदूत्व व परिषद के लिए संघर्ष किया था राम मंदिर आंदोलन के लिए मुख्य सूत्रधार अशोक सिंघल जी हमारे बीच तो नही है मगर उनके आदर्श हमारे साथ है और उनका सपना पूरा हुआ 17 नवंबर 2015 को उन्होंने अंतिम सांस ली थी जिसमें एकल विद्यालय अभियान के संरक्षक प्रमोद चौधरी ने कहा कि अशोक सिंघल जी अपने जीवन में इन दोनों का विशेष प्रभाव मानते थे 1975 के आपातकाल के दौरान वे इंदिरा गांधी की तानाशाही के विरुद्ध हुए संघर्ष में लोगों को जुटाते रहे 1977 में वे दिल्ली प्रांत वर्तमान दिल्ली व हरियाणा के प्रान्त प्रचारक बने 1981 में डा. कर्णसिंह के नेतृत्व में दिल्ली में

विराट हिन्दू सम्मेलन हुआ पर उसके पीछे शक्ति अशोक सिंघल और संघ की थी उसके बाद उन्हें विश्व हिन्दू परिषद' की जिम्मेदारी दे दी गयी एकात्मता रथ यात्रा, संस्कृति रक्षा निधि ा,रामजानकी रथयात्रा रामशिला पूजन रामज्योति आदि कार्यक्रमों से परिषद का नाम सर्वत्र फैल गया अब परिषद के काम में बजरंग दल परावर्तन गाय, गंगा सेवा, संस्कृत, एकल विद्यालय आदि कई सामाजिक संस्था से जुड़े हुए थे वे प्रतिदिन परिषद कार्यालय में लगने वाली शाखा में आते थे अंतिम दिनों में भी उनकी स्मृति बहुत अच्छी थी वे आशावादी दृष्टिकोण से सदा काम को आगे बढ़ाने की बात करते रहते थे जिसमें स्वर्गीय अशोक सिंघल के जयंती पर रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी जिलाध्यक्ष एकल विद्यालय युवा समिति बलरामपुर ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला प्रभारी प्रमोद चौधरी, भाजपा पूर्व जिला महामंत्री अजय सिंह पिंकू, सभासद सुभाष पाठक, रेशम सिंह, सविता सिंह, झूमा सिंह, आदि लोगों को अशोक सिंघल का स्मृति चिन्ह घर घर जाकर लोगों को भेट किया इस मौके पर मीरा सिंह,गुड़िया गुप्ता, कंचन गुप्ता,सुधा त्रिपाठी,सीमा सिंह,निधि सिंह व डॉ आकाश गुप्ता, उदयन मिश्रा, रवि सिंह मनीष श्रीवास्तव, व मध्य उत्तर प्रदेश संभाग के संभाग अभियान प्रमुख ओम प्रकाश,भाग कार्यालय प्रमुख संतोष कुमार अंचल अभियान प्रमुख राकेश कुमार यादव, अंचल ग्राम स्वराज योजना प्रमुख जसवंत यादव एवं कार्यालय प्रमुख स्वामी दयाल आदि लोंगो ने स्वर्गीय अशोक सिंघल के उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

तुलसीपुर तहसील में समस्या ही समस्या– अध्यक्ष बार एसोसिएशन

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। तहसील मुख्यालय के परिसर में जलभराव

है आने जाने वालों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। तुलसीपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल नयन तिवारी ने बताया कि तहसील परिसर में जलभराव की यह स्थिति है जैसे तालाब बना हो और इसमें सिंघाड़ा बोया जाए आदमी के चलने फिरने के लिए कोई रास्ता नहीं है अधिकारी आते हैं गाड़ी से और चले जाते हैं आंखें बंद करके इसी के साथ कई अधिवक्ताओं ने यहां महिलाओं सहित अपना मुकदमा के लिए आते है उनके लिए ना शौचालय है ना पीने का पानी है ना बैठने की कोई व्यवस्था है सिर्फ अव्यवस्था ही अवस्था है तिवारी ने एसडीएम पर तानाशाही का आरोप लगाया तथा तहसीलदार को भ्रष्ट अधिकारी बताया आज 11 दिन से हम लोगों की हड़ताल चल रही है तमाम लिखा पढ़ी इन सुविधाओं के लिए की गई लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हो रही है हम लोगों का कोई सुनने वाला नहीं है उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि वे स्वयं आकर देखें और जांच करें! जिससे समस्या का समाधान हो सके।

भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत अभिनंदन पत्र कार्यक्रम आयोजित किया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के 72वें जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शुभकामनांध अभिनन्दन पत्र कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीत चौबे के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं व लाभार्थियों के द्वारा लिखा हुआ आया अभिनन्दन पत्र राबर्ट्सगंज के मुख्य डाकघर एवं अन्य जिले के डाकघर के माध्यम से भेजा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने बताया की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व मे चल रही केन्द्र सरकार के द्वारा गरीब, शोषित वंचित एवं किसानो को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, जिससे भारत का मान सम्मान पूरी दुनिया मे बढ़ रहा

है। शुभकामनां अभिनन्दन पत्र अभियान के तहत आज ऐसे तमाम लाभार्थियो ने शक्ति केन्द्र एवं मण्डलो के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी को अपनी शुभकामनां व अभिनन्दन पत्र को पोस्ट कार्ड के माध्यम से भेजा। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक संतोश शुक्ला, घोरावल विधायक अनिल कुमार मौर्य, सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत, सीमा कोल, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी, कमलेश चौबे, जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्य, जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद, कृष्णमुरारी गुप्ता, महेन्द्र पाण्डेय, बलराम सोनी, दीलिप मौर्य, राहुल पटेल, विनय श्रीवास्तव, रजनीश रघुवंशी, मोनू रवि द्विवेदी, अभिषेक गुप्ता, अजय पाण्डेय घमडी, धर्मवीर त्यागी, धर्मवीर त्यागी, आशीष केशरी ने भी मुख्य डाकघर पर जाकर जनपद के कोने कोने से आये अभिनन्दन पत्र को डाक के माध्यम से भेजा।

वनिता समाज द्वारा बालिका सशक्तिकरण हेतु पोषक आहार एवं स्वास्थ्य किट का वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। वनिता समाज, एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर द्वारा भारत सरकार की 'पोषण अभियान योजना'को बढ़ावा देने के उद्देश्यसे जयिता गोस्वामी, अध्यक्षा, वनिता समाज एवं वनिता समाज की वरिष्ठ सदस्याओं द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय, चिल्काडॉड की कक्षा–6 सेकक्षा–8 तक की सभी छात्राओं को पौष्टिकआहार वितरित किए गए। इसी क्रम में कक्षा–6 से कक्षा–8 की सभी छात्राओं में स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु स्वास्थ्य किट के तहतसैनिटरी पैड भी वितरित किए गए। इस अवसर पर जयिता गोस्वामी,अध्यक्षा,वनिता समाजने सभी बालिकाओं को पोषक तत्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी, हरी पत्तेदार सब्जियां एवं अन्य पोषक आहार को नियमित दिनचर्या में शामिल करने पर बल दिया। जयिता गोस्वामीने स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से सैनिटरी पैड के उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला उन्होंने शिक्षिकाओंको भी सलाह दी कि वे बालिकाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में नियमित रूप से जागरूक करें। उच्च प्राथमिक विद्यालय, चिल्काडॉडकी शिक्षिकाओं एवं छात्राओं द्वारा वनिता समाज की इस अभिनव कल्याणकारी पहल की सराहना की गयी एवं आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर नील कमल भोगल, कल्याण प्रभारी, वनिता समाज, हीरालाल, ग्राम प्रधान,चिल्काडॉड, कुमार आदर्श, कार्यपालक सीएसआर एवं वनिता समाज की अन्य वरिष्ठ सदस्याएंउपस्थित रहीं। वनिता समाज, एनटीपीसी सिंगरौली द्वाराभविष्य में भी बालिका सशक्तिकरण के तहत आस–पास के स्कूलों में समाज कल्याण की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। करमा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत डिलाही के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से युवक हुआ घायल प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश मौर्य पुत्र उमेश मौर्य निवासी भगौती उम्र लगभग 27 वर्ष करमा किसी कार्य

बस आये थे वापस घर जा रहे थे कि डिलाही के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आ गये लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी मौके पर पहुचे उपनिरीक्षक ब्रजेश दूबे ने बताया कि पैर में चोट लगी है परिजन सुचना पर पहुंच कर इलाज के लिये अस्पताल ले गये।

चिरहुली का रामलीला मुकुट पूजन व नारदमोह के साथ प्रारम्भ

दैनिक बुद्ध का संदेश

गुरमा/सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिरहुली में सोमवार की रात आदर्श हिंदी नाट्य कला परिषद द्वारा रामलीला मंचन का शुभारंभ पुर्व प्रधानाचार्य लालजी देव पाण्डेय चिरहुली प्रधान अनील कुमार ने किया तत्पश्चात मुकुट पूजन तथा नारदमोह का मंचन के साथ रामलीला मंचन प्रारंभ हो गया। भारी संख्या मे आस पास के ग्रामीण की मौजदूगी रही। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद देव पांडेय, प्रबंधक रविशंकर देव पांडेय कोषाध्यक्ष मुरली देव पांडेय ब्यास अशोक कुमार आदि रामलीला कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

गणेश पूजन के साथ हिण्डाल्को में रामलीला मंचन का शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

रेणुकूट/सोनभद्र। हिण्डाल्को रामलीला परिषद् द्वारा विगत 58 वर्षों से हिण्डाल्को रामलीला मैदान पर लगातार आयोजित हो रहे रामलीला मंचन सोमवार दिनांक 26 सितम्बर देर शाम को श्री गणेश पूजन के साथ प्रारंभ हो गया। नौ दिनों तक चलने वाली इस रामलीला का समापन दिनांक 5 अक्टूबर को रावण दहन के साथ होगा। रिमझिम गिरते बारीश के बीच हिण्डाल्को प्रमुख एन. नागेश उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी नागेश, मानवसंसाधन प्रमुख जसबीर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी सीमा मलहोत्रा ने गणेश पूजन तथा रामचरित् मानस का पूजन कर रामलीला का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर एवं नित्यानंद राय, जगन्नाथ नायक, एवं कर्नल (से.नि.) संदीप खन्ना, उज्जवल केश, रवि गुप्ता, एवं पी.के. उपाध्याय, राजीव झुनझुनवाला, यशवंत कुमार आदि ने भी गणेश पूजन एवं आरती किया। रामलीला मंचन के प्रथम दिन लगभग 250 कलाकारों द्वारा मंच पर एक साथ रामचन्द्र कृपालु भगवन आरती, नारद मोह तथा नारद द्वारा भगवान विष्णु को तीन जन्म तक राक्षस बनने का श्राप देना, मनु सतरुपा के द्वारा घोर तपस्या से भगवान नारायण को पुत्र रूप में प्राप्ति का वरदान, रावण द्वारा भगवान शिव से चंद्रहास तलवार की प्राप्ति आदि लीलाओं का मनमोहक मंचन किया गया जिसका हजारो लीला प्रेमियों ने आनंद उठाया। प्रथम दिन की लीलाओं के अंत में रामलीला परिषद् के अध्यक्ष पी.के. उपाध्याय ने बताया कि दूसरे दिन रामजन्म, सीता उत्पत्ती, राम.लक्ष्मण द्वारा विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा, अहिल्या उद्धार तथा राम–लक्ष्मण द्वारा जनकपुर भ्रमण आदि लीलाओं का मंचन किया जायेगा।

रोजगार प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को दिया गया प्रमाणपत्र

दैनिक बुद्ध का संदेश

रेणुकूट/सोनभद्र। हिण्डाल्को प्रबंधन द्वारा रेणुकूट उपनगरीय बस्ती एवं दुद्धी तहसील के निवासियों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए कई सकारात्मक प्रयास किए जा रहे है। इसी क्रम में रेणुकूट एवं दुद्धी तहसील के 12 युवाओं को हिण्डाल्को रेणुकूट द्वारा संचालित हिण्डाल्को स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में कौशल प्रशिक्षण के अंतर्गत प्लम्बिंग कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया जिसके अंतर्गत उन्हें सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण कुशल प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी 12 युवाओं को हिण्डाल्को प्रमुख एन. नागेश, मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह एवं प्रोजेक्ट हेड विनोद ठाकुर द्वारा प्रशिक्षण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए नागेश ने कहा कि हम सभी एक जैसे ही होते है लेकिन अपनी कौशल एवं क्षमता का पूर्ण उपयोग करके हम अपने जीवन में आगे बढ़ते है। आप सभी इस प्राप्त कौशल द्वारा अपने जीवन में खूब आगे बढ़े यही कामना करता हूं। जसबीर सिंह ने प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को अपनी शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रोजेक्ट हेड विनोद ठाकुर ने कहा कि आपके द्वारा प्राप्त इस कौशल का आजके बाजार में काफी मांग है और इससे आप जीवन के नये आयाम को जरूर छुयेंगे। कार्यक्रम के अंत में हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान हिण्डाल्को प्रशिक्षण एवं विकास विभाग के विभागाध्यक्ष हेमराज, सुरक्षा प्रमुख कर्नल (से.नि.) संदीप खन्ना तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

जिलाधिकारी	मो0:– 9454417530
मुख्य विकास अधिकारी	मो0:– 9454464749
एस डीएम नौगढ़	मो0:– 9454415936
एस डीएम बांसी	मो0:– 9454415937
एस डीएम डुमरियागंज	मो0:– 9454415939
एस डीएम इटवा	मो0:– 9454415939
एस डीएम शोहरतगढ़	मो0:– 9454415940
पुलिस अधीक्षक	मो0:– 9454400305
थाना मोहाना	मो0:– 9454404239
थाना जोगिया उदयपुर	मो0:– 9454404235
थाना गोलौरा	मो0:– 9454404233
थाना पथरा बाजार	मो0:– 9454404240
थाना त्रिलोकपुर	मो0:– 9454404243
थाना उसका बाजार	मो0:– 9454404244
राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश	
थाना शोहरतगढ़	मो0:– 9454404241
थाना खेसरहा	मो0:– 9454404236
थाना इटवा	मो0:– 9454404234
थाना चिल्हिया	मो0:– 9454404229
थाना ढेबरुआ	मो0:– 9454404230
थाना भवानीगंज	मो0:– 9454404228
थाना मिश्रौलिया	मो0:– 9454404238
थाना सि0नगर	मो0:– 9454404242
थाना डुमरियागंज	मो0:– 9454404232
थाना लोटन	मो0:– 9454404237
महिला थाना	मो0:– 9454404891

मुंहासों की समस्या से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं ये पांच आयुर्वेदिक नुस्खे

अगर आपकी त्वचा पर कील–मुंहासों की समस्या से परेशान हैं और कई स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने के बावजूद इनसे राहत नहीं मिल रही तो आपको आयुर्वेदिक नुस्खों को अपनाना चाहिए। आयुर्वेदिक नुस्खे त्वचा को नुकसान पहुंचाए बिना परेशानी से राहत दिलाने में काफी मदद कर सकते हैं, भले ही आपकी त्वचा किसी भी प्रकार की हो। आइए हम आपको मुंहासों से राहत दिलाने में मददगार पांच प्रमुख आयुर्वेदिक नुस्खे बताते हैं।

मुंहासों से निजात दिलाने में मददगार हो सकती है हल्दी

हल्दी मुंहासों से निजात दिलाने में काफी मददगार साबित हो सकती है। हल्दी में एंटी–इंफ्लेमेटरी, एंटी–माइक्रोबियल और एंटी–ऑक्सीडेंट गुण के साथ करक्यूमिन नामक एक खास तत्व भी मौजूद होता है। ये गुण मुंहासे, उनके निशान सहित हाइपरपिग्मेंटेशन जैसी समस्याओं का इलाज करने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए रोजाना सुबह सबसे पहले आधा इंच धुली और छिली हुई कच्ची हल्दी का सेवन करें। आप चाहें तो हल्दी का फेस पैक बनाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

नीम से भी मिल सकती है राहत

नीम में एंटी–फंगल, एंटी–बैक्टीरियल और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं और ये त्वचा को मुंहासों से छुटकारा दिला सकते हैं। समस्या से राहत के लिए नीम का इस्तेमाल फेस पैक के तौर पर भी किया जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में नीम की पत्तियों का पेस्ट और नींबू का रस मिलाएं। अब तैयार मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और जब यह पूरी तरह से सूख जाए तो मुंह को ठंडे पानी से धोकर साफ कर लें।

एलोवेरा भी है प्रभावी

एक शोध के अनुसार, एलोवेरा एंटी–ऑक्सीडेंट और एंटी–बैक्टीरियल गुणों से समृद्ध होता है। ये मुंहासों का कारण बनने वाले बैक्टीरिया से बचाव का काम कर सकते हैं और इनसे छुटकारा भी दिला सकते हैं। लाभ के लिए एलोवेरा जेल, मुल्तानी मिट्टी और गुलाब जल मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। इसके बाद उसे चेहरे पर लगाएं और सूखने से बाद ठंडे पानी से धोएं।

तुलसी करेगी मदद

तुलसी में एंटी–एक्ने गुण होते हैं और यह मुंहासों को कम करने के साथ–साथ त्वचा की बनावट में भी सुधार कर सकते हैं। लाभ के लिए रोजाना सुबह खाली पेट दो तुलसी के पत्ते चबाएं। आप इसका इस्तेमाल फेस पैक के रूप में भी कर सकते हैं। इसके लिए दो चम्मच मुल्तानी मिट्टी में एक बूंद तुलसी का तेल और एक बड़ी चम्मच एलोवेरा जेल मिलाएं। अब इसे चेहरे पर लगाकर 10 मिनट के बाद पानी से साफ करें।

शहद का फेस मास्क लगाएं

मुंहासे रहित चेहरा पाने के लिए आयुर्वेदिक नुस्खे के तौर पर शहद के फेस मास्क का इस्तेमाल करना भी बहुत फायदेमंद हो सकता है। इसके लिए पहले एक कटोरी में दो चम्मच शहद और आधी चम्मच दालचीनी का पाउडर मिलाएं और फिर इसे मिश्रण को पूरे चेहरे पर अच्छे से लगाकर 15 से 20 मिनट के लिए छोड़ दें। अंत में चेहरे को ठंडे पानी से धोकर पोंछ लें और फिर चेहरे पर जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर लगाएं।

रवीना टंडन–स्टारर पटना शुक्ला में समानांतर भूमिका निभाएंगी अनुष्का कौशिक

वेब सीरीज घर वापसी और क्रैश कोर्स में नजर आ चुकीं अनुष्का कौशिक को रवीना टंडन अभिनीत फिल्म पटना शुक्ला में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए अनुबंधित किया गया है। उन्होंने

कहा कि उनके लिए सबसे चुनौतीपूर्ण काम भोजपुरी में बोलना था और उन्होंने भाषा सीखने के लिए अतिरिक्त प्रयास किया। जब उन्हें निर्माताओं का फोन आया, तो उन्हें यकीन नहीं था कि वह इसके साथ न्याय कर पाएंगी। लेकिन उनके मुताबिक उन्हें पूरा भरोसा था कि वह इस रोल के लिए परफेक्ट होंगी।उन्होंने कहा कि उन्होंने मुझे अलग–अलग किरदार करते देखा है और उन्हें यकीन है कि मैं इस बोली को भी सीख सकती हूं। फिर भी, मैंने उनसे एक दिन मांगा, जिसके दौरान मैंने बहुत सारी भोजपुरी सीखी, और फिर ऑडिशन दिया।अनुष्का ने अपने चरित्र के बारे में बताया, यह रवीना टंडन मैम के साथ एक समानांतर मुख्य भूमिका है और चरित्र का पूरा सेट और कहानी बहुत अलग है। मैं कभी भी पटना में किसी भी कहानी का हिस्सा नहीं रही या यहां तक कि शहर का दौरा भी नहीं किया। , लेकिन मैं इस भूमिका के लिए तैयारी करना चाहती हूं। इस चरित्र की यात्रा बहुत अलग है, फिर भी इसका असली अनुष्का के साथ कुछ संबंध है। रवीना टंडन, अनुष्का कौशिक, सतीश कौशिक, चंदन रॉय सान्याल और जतिन गोस्वामी अभिनीत पटना शुक्ला अगले साल रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार है।

सफेद दाढ़ी, बिखरे बालों में दिखे अक्षय, राम सेतु का मच–अवेटेड टीजर हुआ आउट



बच्चन पांडे, पृथ्वीराज, रक्षाबंधन के बाद अब अक्षय कुमार जैकलीन फर्नांडीस और नुसरत भरुचा के साथ मिलकर लेकर आ रहे है राम सेतु। फिल्म का आज टीजर रिलीज किया जा चुका है। जो काफी दमदार है और काफी हद तक कहानी को भी समझने में मदद करती है। टीजर से पहले अक्षय कुमार ने फिल्म से अपना पोस्टर रिलीज किया था जिसमें वो एकदम अलग लुक में नजर आए थे। अब टीजर में उनका लुक और एक्शन शानदार लग रहा है।

इंस्टाग्राम पर श्राम सेतुय के टीजर को जारी करते हुए अक्षय कुमार ने कैप्शन में लिखा, राम सेतु की पहली झलकज्जस्ट फॉर यू। बहुत प्यार से बनाया है, उम्मीद है आपको पसंद आएगा। बताना जरूर।

रोमांचकारी टीजर में अक्षय सफेद दाढ़ी और बिखरे हुए लंबे बालों में एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। टीजर उनके साथ ही बाकि कास्ट की झलक भी दिखाई गई है। फिल्ममेकर अभिषेक शर्मा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 25 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।बता दें कि यह फिल्म अक्षय की कंपनी केप ऑफ गुड फिल्म्स के साथ–साथ अमेजन प्राइम वीडियो, अबुदंतिया एंटरटेनमेंट और लाइका प्रोडक्शंस में बनी है।

श्राम सेतुय एक एक्शन–एडवेंचर ड्रामा है, जो एक आर्केलॉजिस्ट आर्यन कुलश्रेष्ठ (अक्षय कुमार) की कहानी है, जो यह जांचता है कि राम सेतु एक मिथक है या वास्तविकता। फिल्म में अक्षय, नुसरत और जैकलीन के अलावा सत्यदेव कंचरण और एम. नासिर भी प्राथमिक भूमिकाओं में हैं।

इस साल बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार की बच्चन पांडे, रक्षाबंधन, पृथ्वीराज, कठपुतली रिलीज हुई लेकिन किसी भी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। ऐसे में अक्षय कुमार को अपनी फिल्म राम सेतु से काफी उम्मीद है।

अक्षय कुमार श्राम सेतुय के अलावा फिल्म श्ओएमजी 2य में यामी गौतम, पंकज त्रिपाठी और अरुण गोविल के साथ नजर आएंगे। इसके अलावा टाइगर श्रॉफ के साथ श्बड़े मियां छोटे मियांय, इमरान हाशमी के साथ श्सेल्फीय और फिल्म गोरखा, कैप्सूल गिल में दिखने वाले हैं।

तेलुगु अभिनेत्री लक्ष्मी मांचू सेलेब फूड शो शेफ मंत्र सीजन 2 की मेजबानी करेंगी

भोजन और फिल्मी सितारे एक स्वादिष्ट संयोजन हैं। अभिनेत्री और फिल्म निर्माता लक्ष्मी मांचू, जो खुद खाने के शौकीन हैं, शेफ

मंत्र सीजन 2 की मेजबानी करती नजर आएंगी, जहां खाने के विकल्प अनिवार्य रूप से बहुचर्चित हस्तियों की जीवन शैली और व्यक्तित्व को दर्शाते हैं। यह शो दर्शकों को उनके व्यंजनों की पसंद के माध्यम से उनके जीवन में शायद ही कभी खोजे गए मजेदार आयाम से परिचित कराता है।

शो के लॉन्च पर, लक्ष्मी मांचू ने टिप्पणी की, मांचू के परिवार के लिए, भोजन हमेशा एक जुनून रहा है! यह एक ऐसा तत्व है जो हम सभी को एक साथ लाता है और अधिकांश परिवारों की तरह, किसी भी विशेष अवसर के लिए एक केंद्र बिंदु है। अच्छे खाने का अनुभव हमेंशा आपको खुश करता हैं। मैं शेफ मंत्र 2 का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं क्योंकि इसने मुझे एक बार फिर अपने डिजिटल प्रशंसकों से मिलने का मौका दिया है।

30 सितंबर से हर शुक्रवार दोपहर 2 बजे स्ट्रीमिंग अहा तेलुगु पर, प्रत्येक सप्ताह प्रभावशाली टॉलीवुड हस्तियां मालविका मोहन, रितु वर्मा, और विद्या रमन, अन्य लोगों के साथ शामिल होंगी।

सुबह खाना जल्दी बनाने के लिए रात में ही करें यह काम

हम खाना बनाने की कितनी ही जल्दी क्यों न करें लेकिन अक्सर लेट हो ही जाते हैं। यह प्रॉब्लम तब और भी ज्यादा बढ़ जाती है जब आप आपको ऑफिस या कॉलेज जाना हो। सुबह के समय जल्दी, टेस्टी और बिना थके बनाना किसी टास्क से कम नहीं है। ऐसे में हम आपके लिए लाए हैं कुछ कुकिंग टिप्स– रात को सब्जियां काटकर रखें: रात को सब्जियां काटकर फ्रिज में रखी जा सकती हैं। ऐसा करने से आपका काफी समझ बच जाएगा। खासकर अगर आप मल्टीपल डिशेज बनाने वाले हैं, तो यह काम जरूर करें। राजमा, चना और दाल भिगाकर रखें: राजमा, चना और दाल ऐसी चीजें हैं, जिन्हें पकने के लिए काफी टाइम चाहिए होता है इसलिए आपको इसे भिगाकर रखना चाहिए। जिससे कि आपको कम से कम टाइम देना हो। इन्हें भिगाने से पौष्टिकता तो बढ़ती ही है। साथ ही जल्दी भी पक जाते हैं। रात में किचन मैनेज करके सोएं: सुबह उठकर आप कम पैनिक होंगे, अगर रात में आप किचन को साफ करके सोएंगे, इससे आपकी काफी मेहनत बच जाएगी और आपको कोई भी सामान तलाशने के लिए मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। रात को सोचकर सोएं कि क्या बनाना है: आप अगर सुबह उठकर सोचेंगे कि क्या बनाएं, तो ऐसा सोचने में ही काफी टाइम खराब हो जाएगा इसलिए अच्छा यही होगा कि घर के लोगों की पसंद और नापसंद का ख्याल रखते हुए आप रात में ही डिसाइड कर लें कि आपको क्या बनाना है। इससे घर के मेंबर्स के मूड और आपका टाइम दोनों बच जाएगा।